संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -217 शुक्रवार ,09 जून 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# जिंदगी की जंग हार गया बालक

## 30 घंटे तक चले मुश्किल रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद भी नहीं बची जिंदगी

### » पुल के पिलर से निकाले गए बच्चे की मौत,

**नासरीगंज(रोहतास),08 जून 2023(ए)।** रोहतास के अतिमि गांव के पास नासरीगंज-दाउदनगर सोन पुल के दो पिलरों के बीच फंसे 12 साल के बच्चे को बचाया नहीं जा सका। एनडीआरएफ की टीम ने 30 घंटे तक अभियान चलाकर बच्चे को रेस्क्यू किया था। रेस्क्यू के बाद बच्चे को वहां से 40 किमी दूर स्थित सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुल के पिलर में फंसे 12 साल के रंजन को 30 घंटे कठिन प्रयास के बाद एनडीआरएफ की टीम ने शुक्रवार देर शाम रेस्क्यू कर लिया गया था। रेस्क्यू के बाद एंबुलेंस से उसे घटनास्थल से 40 किमी दूर सदर अस्पताल सासाराम ले जाया गया। जहां घंटे भर बाद डॉक्टरों की टीम ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पुल के पिलर और दीवार के बीच फंसा था बच्चा

रंजन ने पिता ने बताया कि उनके बेटे की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। रंजन दो दिन पहले घर से गायब हो गया था। वह पुल के पिलर में कब और कैसे फंसा? इसका कोई पता नहीं है। लोगों ने बताया कि रंजन पिलर के नीचे वाले भाग से ही चढ़कर उसपर पहुंचा और गैप में गिरकर फंस गया।

बुधवार दोपहर पुल के पास बैठी एक महिला ने बच्चे की रोने की आवाज सुनी तो देखा कि बच्चा पुल पाया के बीच फंसा हुआ है। इसकी सूचना उन्होंने रंजन के माता-पिता समेत ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों के साथ पहुंचे शत्रुघ्न प्रसाद ने पहले बच्चे को निकालने का प्रयास किया लेकिन असफलता मिली।





इसके बाद थानाध्यक्ष व बीडीओ को सूचना ग्रामीणों ने दी। स्थानीय स्तर पर प्रयास के बाद भी रंजन के नहीं निकलने पर एसडीआरएफ की टीम रात में और एनडीआरएफ की टीम सुबह से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर बच्चे को निकालने में सफलता पाई। बच्चे को निकालने में तो सफलता मिल गई लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।



# कोल्हापुर में हिंसा के बाद धारा 144 लागू

### 36 लोग गिरफ्तार

**कोल्हापुर ,08 जून 2023(ए)।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर शहर महाराष्ट्र के कोल्हापुर में हुई हिंसा के बाद अब पुलिस एक्शन जारी है, जहां पर पुलिस ने कुल 36 लोगों को गिरफ्तार किया है और उनमें से 2 नाबालिग हैं। बता दें कि कोल्हापुर शहर के सात युवकों का अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर टीपू सुल्तान और औरंगजेब की तस्वीरें डालने को लेकर विवाद हुआ है। इसे लेकर बुधवार (7 मई) को दो गुटों में खूनी झड़प हो गई। वहीं इस घटना को लेकर कोई अफवाह नहीं फैल पाए इसके लिए प्रशासन ने इलाके में इंटरनेट बैन कर दिया है और धारा 144 भी लागू कर दी है। कोल्हापुर में हालात को काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

इसके अलावा कोल्हापुर पुलिस ने सोशल मीडिया पर औरंगज़ेब का स्टेटस रखने के मामले में 2 एफ आई आर दर्ज की थी। इन दोनों एफ आई आर में कुल 5 नाबालिगों को गिरफ़्तार किया गया और उनको जुविनायल कोर्ट में पेश कर बालसुधार गृह भेज दिया गया।

### महाराष्ट्र में क्यों भड़की हिंसा?

महाराष्ट्र के कोल्हापुर में मंगलवार (6 जून) को कुछ युवकों ने सोशल मीडिया पर औरंगजेब के समर्थन में पोस्ट किया। दूसरे दिन कुछ स्थानीय लोगों ने टीपू सुल्तान की तस्वीर के साथ कथित तौर पर आपत्तिजनक ऑडियो संदेश को सोशल मीडिया स्टेटस में लगाया था। इसके बाद आस-पास के इलाकों के राजनीतिक और सामाजिक संगठन बुधवार को प्रदर्शन करने के लिए उतर आए। इस प्रदर्शन के दौरान किसी ने भीड़ पर पथराव कर दिया, और इस पथराव के बाद स्थिति बिगड़ गई और इलाके में हिंसा फैल गई।

पुलिस अधिकारी ने कहा, 19 जून तक इस मामले में निषेधा लागू कर दी गई है और हमने यहां पर पांच या उससे अधिक लोगों के इक्ट्ठा होने पर भी प्रतिंबध लगा दिया है।

# बॉम्बे उच्च न्यायालय से समीर वानखेड़े को राहत



### गिरफ्तारी पर लगी रोक

**मुंबई ,08 जून 2023(ए)।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने उगाही और रिश्वत के एक मामले में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के मुंबई जोन के पूर्व निदेशक समीर वानखेडे की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक की अवधि को 23 जून तक के लिए बढ़ा दिया है। बता दें कि वानखेडे के खिलाफ यह मामला केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दर्ज किया है। मामले के अनुसार वानखेडे तथा चार अन्य आरोपियों ने अक्टूबर 2021 को क्रूज पोत में कथित तौर पर मादक पदार्थ बरामद होने के मामले में अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को नहीं फंसाने के एवज में अभिनेता से 25 करोड़ रुपए रिश्वत के तौर पर मांगे थे।

न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और न्यायमूर्ति एस जी दीगे की खंडपीठ ने कहा कि वह सीबीआई की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी को खारिज करने संबंधी वानखेडे की याचिका पर 23 जून को सुनवाई करेगी वानखेडे के वकील आबाद पोंडा ने अदालत को बताया कि अदालत के पूर्व के निर्देशों के अनुसार भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी सीबीआई के समक्ष सात बार पेश हुए हैं और जांच में सहयोग कर रहे हैंसीबीआई के वकील कुलदीप पाटिल ने अदालत को बताया कि मामले में जांच अब अहम चरण में हैं पीठ ने कहा कि वह वानखेडे की याचिका पर 23 जून को सुनवाई करेगी।

# बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण

### » एक साथ कई टारगेट को कर सकती है तबाह

**नई दिल्ली,08 जून 2023(ए)।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण किया। मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि मिसाइल का टेस्ट अपने पूरी तरह सफल रहा। यह मिसाइल एक साथ कई टारगेट को तबाह कर सकती है। इस मिसाइल की रेंज 2000 किलोमीटर तक है।



मंत्रालय के अनुसार, मिसाइल के तीन सफल डिवेलपमेंट टेस्ट के बाद यह पहला प्री-इंडक्शन नाइट लॉन्च था। इस तरह का लॉन्च सिस्टम की सटीकता और विश्वसनीयता की पुष्टि करता है। उड़ान डेटा लिया रडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे उपकरणों को जहाजों में लगाकर विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया था, ताकि उड़ान डेटा को कैप्चर किया जा सके। डीआरडीओ और सामरिक बल कमान के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस टेस्ट को देखा। रक्षा मंत्री, राजनाथ सिंह ने इस परीक्षण के लिए डीआरडीओ और आर्म्ड फोर्सेस को बधाई दी।

राहुल गांधी के अमेरिका दौरे के दौरान दिए गए बयान को लेकर बीजेपी और कांग्रेस में जुबानी जंग शुरू

# विदेश जाने और भारत की आलोचना करने की आदत है

**नई दिल्ली,08 जून 2023(ए)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका दौरे के दौरान दिए गए बयान को लेकर बीजेपी और कांग्रेस में जुबानी जंग शुरू हो गई है। राहुल गांधी ने भारत में लोकतंत्र की लड़ाई जारी रखने को लेकर अमेरिका में बयान दिया था। उन्होंने कहा था, भारत एक बड़ा देश है और अगर देश में लोकतंत्र नष्ट हो जाता है, तो इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अब इस पर निशाना साधा है।

### विदेश मंत्री का राहुल गांधी पर हमला

बीजेपी नेता राहुल गांधी के बयान की आलोचना कर रहे हैं। मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने के मौके पर एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, विदेश मंत्री एस



जयशंकर ने गुरुवार को कहा वह विदेश जाने और देश और हमारी राजनीति की आलोचना करने के आदी हैं। इस देश में चुनाव होते हैं और कभी-कभी एक पार्टी जीत जाती है, और कभी-कभी दूसरी पार्टी, दुनिया की नजर इस पर होती है। अगर देश में लोकतंत्र नहीं है, तो ऐसा बदलाव नहीं हो सकता है।

### अधीर रंजन चौधरी का पलटवार

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने विदेश मंत्री जयशंकर के बयान पर जोरदार हमला बोला। न्यूज एजेंसी से बात करते हुए चौधरी ने कहा, 'जयशंकर चुनाव आयोग से बात कर रहे होंगे, नहीं तो उन्हें कैसे पता था कि कौन जीतेगा। ये लोग लोकतंत्र में विश्वास करते हैं जहां वे (भाजपा) लोगों के वोट देने से पहले ही चुनाव परिणाम बताना शुरू कर देते हैं। जयशंकर के अनुसार, यह लोकतंत्र है।

विदेश यात्रा करने वालों के लिए खुशखबरी

# रूपे प्रीपेड फॉरेक्स कार्ड से पेमेंट कर सकेंगे यात्री,आरबीआई ने किया ऐलान

**नई दिल्ली,08 जून 2023(ए)।** विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों को भुगतान का एक नया विकल्प मिलेगा। इससे अब वे रूपे प्रीपेड फॉरेक्स कार्ड से पेमेंट कर सकेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने भुगतान विकल्पों का विस्तार और विश्व स्तर पर इसकी पहुंच एवं स्वीकार्यता का विस्तार करने के उद्देश्य से रूपे प्रीपेड फॉरेक्स कार्ड जारी करने का निर्णय लिया है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी है।

शक्तिकांत दास ने चालू वित्त वर्ष में मौद्रिक नीति समिति की दूसरी तीन दिवसीय बैठक के बाद कहा कि, देश में बैंकों की ओर से जारी किए गए रूपे डेबिट और क्रेडिट कार्डों को अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ द्विपक्षीय व्यवस्थाओं और अंतर्राष्ट्रीय कार्ड योजनाओं के साथ सह-बैजिंग व्यवस्थाओं के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों के लिए भुगतान विकल्पों का विस्तार करने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि भारत में बैंकों द्वारा एटीएम, पीओएस मशीनों और विदेशों में ऑनलाइन व्यापारियों के उपयोग के लिए रुपे प्रीपेड फॉरेक्स कार्ड जारी करने की अनुमति दी जाए। इसके अलावा रूपे डेबिट, क्रेडिट और प्रीपेड कार्ड विदेशों में जारी करने के



लिए सक्षम होंगे, जिनका भारत सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपयोग किया जा सकता है। ये उपाय विश्व स्तर पर रूपे कार्ड की पहुंच और स्वीकार्यता का विस्तार करेंगे। इसे संबंध में आवश्यक निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे।

### 1000 रुपये के नए नोट फिर से जारी किए जाएंगे

भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में 2000 रुपये के नोटों को बंद करने की घोषणा की। तभी से लोगों में 500 और 1000 रुपये के नोटों को लेकर अफवाह फैली हुई है। हालांकि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार सुबह इस संबंध में सच्चाई बताई है।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक की 500 रुपये के नोट वापस लेने और 1,000 रुपये के नोट फिर से जारी करने की कोई योजना नहीं है। इतना ही नहीं उन्होंने लोगों को ऐसी अफवाहों से दूर रहने की सलाह दी।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि आरबीआई की घोषणा के बाद 2000 रुपये के 1.8 लाख करोड़ रुपये के नोट वापस आ गए हैं। यह 31 मार्च, 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपये के नोटों का आधा है। लोगों के पास 2000 रुपए के नोट बदलने और जमा करने के लिए 30 सितंबर तक का समय है।

# सनकी आशिक ने पार की दरिंदगी की हदें

### » मशीन से शव के टुकड़े कर कूकर में उबाले, मिले सिर्फ पैर

**मुंबई ,08 जून 2023(ए)।** मुंबई में एक सनकी आशिक ने खौफनाक वारदात को अंजाम दिया है। यहां एक शख्स ने अपनी लिव इन पार्टनर की हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए एक ऐसा तरीका अपनाया जो कोई अपने सपने में भी नहीं सोच सकता।

श्रद्धा वालकर हत्याकांड की तरह ही शख्स ने पहले पेड़ काटने वाली मशीन से शव के हिस्सों में टुकड़े किए। इसके बाद उन बॉडी पार्ट्स को कूकर में उबाला ताकी उनकी बदबू बाहर ना जाए। इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने वाले शख्स की पहचान 56 साल के मनोज साहनी के तौर पर की गई है। वह अपने से 20 साल छोटी लड़की सरस्वकी वैद्द के साथ लिवइन में रह रहा था।

घटना मुंबई से सटे मीरा रोड के नयानगर इलाके की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक दोनों का किसी बात पर झगड़ा हो गया था। इस दौरान मनोज गुस्से में इतना पागल हो गया कि सरस्वती को मौत के घाट उतार दिया। इतने पर भी जब उसका मन नहीं भरा तो उसने शव के छोटे-छोटे टुकड़े किए और कूकर में उबालता रहा। बताया जा रहा है, लिव इन पार्टनर की हत्या करने के बाद वो बाजार गया और पेड़ काटने वाली




मशीन लेकर आया। उसने इस मशीन से शव के छोटे-छोटे टुकड़े किए और उन्हें कूकर में उबाला। पुलिस की मानें तो हो सकता है ऐसा उसने सबूत मिटाने के लिए किया हो।

जानकारी के मुताबिक इस वारदात को तीन-चार दिन पहले अंजाम दिया गया था। इस बारे में किसी को कुछ पता नहीं चलता, अगर पड़ोसियों को मनोज के घर से अजीब बदबू ना आती। पहले तो पड़ोसियों ने इस बदबू को नजर अंदाज किया, लेकिन जब सहन करना मुश्किल हो गया तो पुलिस को जानकारी दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मनोज का दरवाजा खटखटाया। गेट खुलते ही पुलिस और दूसरे लोगों को तेज बदबू आई। पुलिस अंदर घुसी तो दंग रह गई। घर में महिला के शव के टुकड़े पड़े थे। पुलिस ने तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की गई तो बताया कि ये टुकड़े उसकी लिव इन पार्टनर सरस्वती वैद्य के शव के ही हैं। पहले जानकारी मिली थी कि जांच के दौरान पुलिस को पहले सिर्फ महिला के के पैर मिले थे। जांच आगे बढ़ी तो बाकी बॉडी पार्ट्स की जानकारी मिली।

पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी हुई है और हत्या का कारण पता करने की कोशिश कर रही है। वहीं फ्लैट को सील करशव के टुकड़ों को भी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# 3250 करोड़ के लोन फ्रॉड मामले में चंदा कोचर पर चलेगा मुकदमा

### » आईसीआईसीआई बोर्ड ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली,08 जून 2023(ए)।** आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंदा कोचर की मुश्किलें और बढ़ने जा रही हैं। कथित धोखाधड़ी के आरोपों का सामना कर रहीं चंदा कोचर के खिलाफ सीबीआई को मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है। कोचर पर 3,250 करोड़ रुपये के ऋण की धोखाधड़ी का आरोप है। यह लोन वीडियोकॉन समूह को जारी किया गया था।

लिमोसिन द्वारा प्रस्तुत जांच एजेंसी ने अदालत को बताया कि आईसीआईसीआई बैंक के बोर्ड ने इस साल 22 अप्रैल को पारित एक प्रस्ताव में कोचर के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस मामले में चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को पिछले वर्ष दिसंबर में गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने वीडियोकॉन समूह के संस्थापक वेणुगोपाल धूत को भी गिरफ्तार



किया था।

बंबई हाई कोर्ट ने बाद में चंदा कोचर और उनके पति को अंतरिम जमानत दे दी थी। कोर्ट ने सीबीआई को दिमाग का इस्तेमाल किए बगैर और अनौपचारिक व यांत्रिक तरीके से दोनों को गिरफ्तार करने के लिए फटकार भी लगाई थी। सीबीआई ने कोचर दंपती और धूत के साथ ही दीपक कोचर द्वारा संचालित नूपावर रिन्यूएबल्स (ह्रक्र), सुप्रीम एनर्जी, वीडियोकान इंटरनेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और वीडियोकान इंडस्ट्रीज लिमिटेड समेत कुल नौ कंपिनयों व्यक्तियों को नामजद किया था।

सीबीआई ने दीपक कोचर, सुप्रीम एनर्जी, वीडियोकॉन इंटरनेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा प्रबंधित कंपनियों नूपावर रिन्यूएबल्स (एनआरएल) के साथ कोचर दंपति और धूत को आरोपी बनाया था। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि आईसीआईसीआई बैंक ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम, आरबीआई के दिशानिर्देशों और बैंक की क्रेडिट नीति का उल्लंघन करते हुए धूत द्वारा प्रवर्तित वीडियोकॉन समूह की कंपनियों को 3,250 करोड़ रुपये की ऋण सुविधाएं मंजूर की थीं।

## संपादकीय

# सवाल सुरक्षित यात्रा का

इस बीच कई ट्रेन दुर्घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिनके लिए चरमराते बुनियादी ढांचे को जिम्मेदार ठहराया गया है। जाहिर है, इन हादसों के कारण ट्रेनों के रखरखाव और ट्रैक के नवीनीकरण पर खर्च किए जा रहे पैसे पर सवाल उठे हैं।

ओडिशा के बालासोर में हुई ट्रेन दुर्घटना ने फिर भारत में रेलवे सुरक्षा के मुद्दे पर ध्यान खींचा है। यह हादसा ऐसे समय में हुआ, जब भारत सरकार रेल यात्रा को कथित रूप से तेज और सुखद बनाने की कोशिश कर रही है। पिछले कुछ सालों से भारत सरकार ने रेल नेटवर्क में से एक में हाई-स्पीड-ऑटोमेटेड ट्रेनों को शुरू करके रेल आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने का दावा किया है। सरकार के घोषित लक्ष्यों में 2024 तक रेलवे का 100 फीसदी विद्युतीकरण करना और 2030 तक नेटवर्क को कार्बन न्यूट्रल बनाना शामिल है। लेकिन इसी बीच कई ट्रेन दुर्घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिनके लिए चरमराते बुनियादी ढांचे को जिम्मेदार ठहराया गया है। जाहिर है, इन हादसों के कारण ट्रेनों के रखरखाव और ट्रैक के नवीनीकरण पर खर्च किए जा रहे पैसे पर सवाल उठे हैं। भारतीय रेलवे को 13-14 लाख कर्मचारियों के साथ देश की जीवन रेखा माना जाता है। भारतीय ट्रेनों में प्रतिदिन लगभग सवा दो करोड़ लोग सफर करते हैं और रेलवे 30 लाख टन माल की ढुलाई करती है। लगभग 68,000 किलोमीटर के ब्रॉड-गेज नेटवर्क पर 21,000 से अधिक ट्रेनें दौड़ती हैं। मगर नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) के एक आकलन के मुताबिक, 2017-18 से 2020-21 के बीच खराब ट्रैक रखरखाव, ओवरस्पीडिंग और मैकेनिकल फेलियर ट्रेनों के पटरी से उतरने के प्रमुख कारण रहे। दिसंबर 2022 में संसद में पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया कि इन दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण रेलवे पटरियों पर रखरखाव की कमी है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रैक नवीनीकरण के लिए फंड में कमी आई है और कई मामलों में इसका पूरी तरह से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। रेलवे ने ट्रेनों की टक्कर को रोकने के लिए एक ऑटोमैटिक ट्रेन प्रॉटेक्शन सिस्टम 'कवच' पर 2012 में काम शुरू किया था। इसका पहला परीक्षण 2016 में किया गया था। 2022 में इसका लाइव डेमो दिखाया गया और इसे लॉन्च किया गया। लेकिन रेल नेटवर्क में अभी यह सिर्फ दो प्रतिशत हिस्से में कार्यरत है। तो साफ है कि हादसों का कारण ढांचागत कमजोरियां और भटकी प्राथमिकताएं हैं। जब तक ये मौजूद हैं, रेल यात्रा सुरक्षित नहीं हो सकेगी।

# कितनी सफल होगी नीतीश कुमार की विपक्षी एकता मुहिम

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का एक मजबूत मोर्चा बनाने की कवायद में जुटे हुए हैं। इसके लिए नीतीश कुमार देश के विभिन्न क्षेत्रीय दलों के प्रमुखों से मिलकर उन सबको भाजपा के विरोध में एकजुट होने के लिए तैयार कर रहे हैं। नीतीश कुमार का प्रयास है कि मजबूत विकल्प के अभाव में पिछले नौ वर्षों से केंद्र में भाजपा की सरकार चला रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष विरोधी दलों का एक मजबूत विकल्प प्रस्तुत किया जाए। ताकि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को केंद्र की सत्ता से बाहर किया जा सके।

नीतीश कुमार ने जब से बिहार में भाजपा से गठबंधन तोड़ा है। उसके बाद से उनका पूरा प्रयास है कि भाजपा के बढ़ते प्रभाव पर रोक लगाकर उनकी मनमानी को रोका जाए। नीतीश कुमार इस मुहिम में कांग्रेस को भी शामिल करना चाहते हैं। नीतीश कुमार का मानना है कि पहले सभी भाजपा विरोधी दल एक मंच पर आकर चुनाव में भाजपा को हरायें। उसके बाद प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का चयन किया जाएगा। नीतीश कुमार अभी स्वयं को प्रधानमंत्री पद की दावेदारी से बाहर मान रहे हैं। उनका कहना है कि वह स्वयं प्रधानमंत्री नहीं बनना चाहते हैं। चुनाव के बाद बहुमत मिलने पर सभी विरोधी दलों के नेताओं की सहमति से प्रधानमंत्री का चयन किया जाएगा।

नीतीश कुमार इस सिलसिले में बीजू जनता दल के अध्यक्ष व उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष व बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, द्रुमक के अध्यक्ष व तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष व तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री व शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत ,चौधरी, माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी, भाकपा के महासचिव डी राजा सहित कई अन्य क्षेत्रीय दलों के नेताओं से इस संबंध में मिलकर चर्चा कर चुके हैं। इसके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी से भी नीतीश कुमार की विपक्षी एकता को लेकर विस्तृत चर्चा हो चुकी है।

भाजपा विरोधी दलों में इस समय नीतीश कुमार ही ऐसे नेता है। जिनके सभी दलों के नेताओं से सौहार्दपूर्ण संबंध है तथा वह सभी से खुलकर बात कर सकते हैं। नीतीश कुमार की मुहिम में अधिकांश राजनीतिक दलों ने उनसे साथ देने का वादा भी किया है। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल, हम सहित कई राजनीतिक दल पहले से ही नीतीश कुमार नीत गठबंधन सरकार में साथ हैं। हैदराबाद के



सांसद असदुद्दीन ओवैसी, असम से सांसद बदरुद्दीन अजमल की पार्टी ने भी नीतीश की मुहिम में शामिल होने के लिए हां कर दी है। नीतीश कुमार अपने भाजपा विरोधी मुहिम में जुटे हुए हैं। मगर उन्हें बहुत से स्थानों पर सफलता भी नहीं मिल रही है। कहने को तो उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक उनके बहुत ही पुराने घनिष्ठ मित्र हैं। मगर वह नीतीश कुमार की मुहिम में शायद ही शामिल हो। नवीन पटनायक केंद्र की भाजपा सरकार को हर मुद्दे पर साथ देते हैं। इसी तरह आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री व वाईएसआर कांग्रेस के अध्यक्ष जगनमोहन रेड्डी भीं अंततः भाजपा की तरफ ही जाएंगे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव भी कांग्रेस के साथ किसी मोर्चे में शामिल होना पसंद नहीं करेंगे। उन्होंने अपनी पार्टी का नाम बदलकर भारतीय राष्ट्र समिति कर दिया ह। उनका कहना है कि आने वाले चुनावों में वह कई प्रदेशों में अपनी पार्टी के उम्मीदवार उतारेंगे। ऐसे में तेलंगाना में उनकी कांग्रेस से सीधी टक्कर है। इस कारण से उनका नीतीश कुमार के मोर्चे में शामिल होना मुश्किल लग रहा है। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से दूरी बनाकर चल रही है।। उन्होंने अकेले ही आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की है। ऐसी परिस्थिति में वह ऐसे किसी मोर्चे में शामिल नहीं होगी जहां समाजवादी पार्टी व कांग्रेस शामिल हो। आम आदमी पार्टी की भी दिल्ली, पंजाब, गुजरात सहित हिंदी भाषी बेल्ट में भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस से भी सीधा मुकाबला है। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के वोट बैंक पर ही अपना आधार बनाया है। जहां-जहां कांग्रेस कमजोर हुई है। वहां-वहां आम आदमी पार्टी मजबूत हुई है। ऐसी स्थिति में कांग्रेस के नेता आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन में शायद ही शामिल हो।

केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली में सरकार व उपराज्यपाल के अधिकारों को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले के खिलाफ अध्यादेश जारी किया गया है। जिसके खिलाफ आम आदमी पार्टी राज्यसभा में सभी विपक्षी दलों से सहयोग मांग रही है। मगर आम आदमी पार्टी को राज्यसभा में सहयोग देने के मसले पर कांग्रेस के अंदर ही विरोध हो गया है। कांग्रेस महासचिव अजय माकन, पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पंजाब कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा सहित कई नेताओं ने आम आदमी पार्टी को कांग्रेस की दुश्मन नंबर एक बताते हुए उसे किसी भी तरह का समर्थन नहीं देने की बात कही है। अजय माकन ने तो कहा है कि आम आदमी पार्टी भाजपा से मिलकर कांग्रेस को कमजोर करने में लगी हुई है। ऐसे में उन्हें किसी भी तरह का समर्थन देना आत्मघाती कदम साबित होगा।

पहले हिमाचल फिर कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा की करारी हार के बाद भाजपा बैकफुट पर नजर आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धुआंधार प्रचार व रोड शो के उपरांत भी दोनों ही प्रदेशों में भाजपा अपनी सरकार नहीं बचा सकी थी। इससे कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। कांग्रेस का मानना है की राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर विधानसभा के आगामी चुनाव में यदि विपक्षी दल एकजुट होकर चुनाव लड़े तो भाजपा को आसानी से हराया जा सकता है। यदि इन प्रदेशों के विधानसभा चुनाव में भाजपा हार जाती है तो अगले लोकसभा चुनाव में उसका मनोबल काफी कमजोर हो जाएगा। वहीं इन प्रदेशों में जीतने से विपक्षी दलों की एकजुटता और अधिक मजबूत होगी। जिसका लाभ उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में मिल सकेगा।

नीतीश कुमार द्वारा आगामी 12 जून को पटना में आयोजित विपक्षी दलों की बैठक अचानक ही स्थगित कर दी गई है। बैठक को स्थगित करने के कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि अगली तिथि कि घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी। आगामी बैठक में जितने अधिक विपक्षी दलों के नेता शामिल होंगे उतनी ही विपक्ष की राजनीति मजबूत होगी। भाजपा को हराने के लिए विपक्षी दलों के नेताओं को आपसी हितों व टकराव को टाल कर एकजुटता से मुकाबला करने पर ही कामयाब हो पायेंगे।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू, राजस्थान

# राजस्थान में हुई गहलोत-पायलट में सुलह

राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट के बीच अरसे से चली आ रही तनातनी फिलवक्त थम गई लगती है। गौरतलब है कि राजस्थान में 2018 में कांग्रेस की सरकार वनने के बाद सचिन को उपमुख्यमंत्री पद से नवाजा गया था। माना जा रहा था कि उनके प्रदेशाध्यक्ष रहते कांग्रेस ने एकजुटता से चुनाव लड़कर वसुंधरा राजे की भाजपा सरकार को जिस तरह पराजित किया था, उसके परिणामस्वरूप सचिन को यह पद सौंपा गया था। लेकिन पहले दिन से ही गहलोत और सचिन के वीच छत्तीस का आंकड़ा बन गया। दोनों नेता एक दूसरे के धुर विरोध में उतर आने लगे। वाद में सचिन ने अपने लिए पार्टी और सरकार में ज्यादा सम्मानजनक स्पेस हासिल करने के लिए समर्थक विधायकों के साथ हरियाणा के एक होटल में डेरा डाला तो गहलोत ने बड़ी सफाई से इस प्रयास को सचिन की कांग्रेस और पार्टी नेतृत्व से बगावत के रूप में पेश किया। इसके बाद के घटनाक्रम में सचिन को उपमुख्यमंत्री पद से हाथ धोना पड़ा और प्रदेशाध्यक्ष पद पर भी गोविंद सिंह डोटासरा को बिठा दिया गया। उसके वाद से दोनों नेता एक दूसरे पर तंज कसने का कोई मौका नहीं चूक रहे थे। भाषा की मर्यादा तक को भुला दिया गया था। वीच- बीच में कांग्रेस आला कमान ने तमाम कोशिशें कीं कि दोनों नेताओं के वीच सुलह कराई जाए। लेकिन हर वार नाकामी हाथ लगी। कई बार यह भी लगा कि हाई कमान की कोई सुनने को तैयार नहीं है। उसकी कमजोरी साफ नजर आती थी। लेकिन कर्नाटक में कांग्रेस की विजय और कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर मल्लिकार्जुन खड़गे के आसीन होने के बाद अव गहलोत और सचिन के वीच फिर से सुलह कराई गई है। बताया गया है कि कांग्रेस ने एक सर्वे कराया था जिससे पता लगा कि कांग्रेस नेता एकजुट होकर चुनाव में नहीं उतरे तो उन्हें शिकस्त मिलना तय है। आम जनता में कांग्रेस की सड़क दिख रही खींचतान कोई अच्छा संदेश नहीं जा रहा था । अव 10 जनपथ के हस्तक्षेप के वाद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के प्रयास से दोनों नेताओं ने एक साथ मिलकर कांग्रेस को जिताने के लिए काम करने का भरोसा दिलाया है। लेकिन लगता नहीं है कि ऐसा हो पाएगा क्योंकि दोनों एक दूसरे का विरोध करते-करते इतना आगे निकल चुके हैं कि उनमें भरोसे का संकट खत्म होना संभव नहीं है ।

**अजय दीक्षित**

# समाजसेवी स्व0 पभाशंकर अवस्थी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी आयोजित

काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन (काशी) के संयुक्त तत्वावधान में पूरी भव्यता के साथ एक और कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) के संस्थापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार राजसागर, संस्कार प्रभा की निदेशक प्रख्यात साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती (मुंबई) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन की निदेशक जानी मानी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत(काशी) के संयुक्त प्रयासों से हर रविवार को होने वाले ऑनलाइन कवि सम्मेलन में देश के ही नहीं अपितु विदेशों से भी अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकारों का प्रतिभाग रहा करता है। साथ ही नवांकुरों को मंच प्रदान कर उनकी साहित्यिक प्रतिभा को निखारने का भी कार्य किया जाता है। गत सप्ताह इस कवि सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के नाम वीना कुमार (ऐशबर्न, वर्जीनिया), सुषमा मल्होत्रा (न्यू यॉर्क, यूएसए), उर्मिला श्योकंद (हिसार), मयंक वैद्य (पुणे), जयकृष्ण चांडक (हरदा), प्रताप शंकर दुबे (वाराणसी), निर्भय नारायण गुप्त (लखनऊ), जया कुमारी (बनारस), प्रकाश कंवर (दिल्ली), डॉ0 शशिकांत शर्मा (नागपुर) प्रतिभा मिश्रा (वाराणसी)द्य सभी ने अपनी अप्रतिम रचनाओं से अद्भुत काव्य की धारा बहायी। विविध विधाओं में सभी ने विभिन्न विषयों पर काव्य पाठ किया।



दिल्ली की कृष्णा राजपुरोहित ने वाणी वंदना से कार्यक्रम का आरम्भ किया द्य साथ ही साथ सभी ने एक स्वर में प्रभा श्री के इस अद्भुत अनवरत मंच की भूरी भूरी प्रशंसा की । तत्पश्चात मंच की श्रेष्ठ और सफलतम संचालिका कोकिलकंठी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) की रचना के उपरांत माहौल अप्रतिम रूप से मंत्रमुग्ध करने लगा। मुंबई की जानी मानी वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती ने सबकी फरमाइश पर अपनी सुप्रसिद्ध ग़ज़ल पर्त दर पर्त तरन्नुम में पढ़ी और माहौल अपने वशीभूत कर लिया, फिर अपने बहुमूल्य आशीर्वचन प्रदान किये । प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) ने बताया कि विगत चार वर्षों में सौ किताबें प्रकाशित की जा चुकीं, तथा मंच पर 10 हज़ार से अधिक रचनाकार प्रतिभाग करते हुए सम्मानित हो चुके द्य यह मंच पूर्णतः उनके पिता स्वश्र प्रभा शंकर अवस्थी जी को समर्पित है। प्रभा श्री ग्रुप के अंतर्गत सभी कार्य उनकी स्मृति में उन्हीं की प्रेरणा से आयोजित किये जाते हैं, प्रभा श्री की प्रभा अंधेरों से उजालों की ओर बढ़ने को प्रेरित करती है, नकारात्मकता में भी सकारात्मकता का प्रसार करती है। इसी प्रकार तालियों के बीच प्रियंका गीत के ही द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

# 5 वां राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (एसएफएसआई) 2023 जारी

» **भारत में खाद्य सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में सभी को सुरक्षित पौष्टिक भोजन का प्रावधान सुनिश्चित करना ज़रूरी**

» **एफएसएसएआई खाद्य सुरक्षा के छह अलग-अलग पहलुओं में राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के प्रदर्शन के मूल्यांकन इंडेक्स जारी करता है**

वैश्विक स्तरपर हर देश आज के प्रौद्योगिकी युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंजीनियरिंग से लेकर स्पेस तक इस सृष्टि में पारिस्थितिकी तंत्र में अपने आप को नंबर वन बनाने में इतना मशगूल हो गया है किअपने लिए इत्मीनान से दोजून की रोटियां भी पौष्टिकता से सुरक्षित करने का समय नहीं है, जिसके कारण मानवीय स्वास्थ्य का स्तर गिरता जा रहा है, जिसके कारण बीमारियों ने घेर रखा है। आज ही मीडिया में जानकारी आई कि गुजरात के एक प्रतिष्ठित 41 वर्षीय चर्चित कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर जिसने 16 हजार से अधिक हार्ट सर्जरी की थी उसकी हार्टअटैक से मृत्यु हुई हालांकि यह कुदरती मौज है, परंतु जिस तरह से पाश्चात्य शैली संस्कृति से ओतप्रोत और जंक फूड खाद्य पदार्थों का प्रचलन कुछ वर्षों से अधिक बढ़ रहा है जिससे खाद्य सुरक्षा, पौष्टिकता की कमी को रेखांकित किया जा रहा है। हालांकि खाद्य से संबंधितभारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) नजर रखती है और इसकी सुरक्षा में कई कानून भी हैं। इसी क्रम में प्रतिवर्ष 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस भी मनाया जाता है।परंतु भारत में 2018-19 से एफएसएआई से राज्य सुरक्षा सूचकांक जारी करता है, जिसकी पूरी जानकारी नीचे विस्तृत रूप से दी गई है। चूंकि दिनांक 7 जून 2023 को देर शाम माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के हसते एफएसएसएआई ने 5 वा राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक 2023 जारी किया है, इसलिए आज हम पीआईबी और मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में खाद्य सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में सभी का को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का प्रावधान सुनिश्चित करना ज़रूरी है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 7 जून 2023 को देर शाम जारी 5 वें राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक 2023 की करें तो केंद्रीय मंत्री नेंवर्ष 2022-23 के लिए उनकी रैंकिंग के आधार पर विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की उपलब्धियों के लिए विजेताओं को सम्मानित किया। बड़े राज्यों में, केरल ने शीर्ष रैंकिंग हासिल की, उसके बाद पंजाब और तमिलनाडु, छोटे राज्यों में गोवा ने शीर्ष पर रहा और मणिपुर तथा सिक्किम क्रमश इसके बाद के क्रम में रहे। इसके अलावा केंद्र शासित प्रदेशों के बीच जम्मू और कश्मीर, दिल्ली और चंडीगढ़ ने क्रमश पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने उन राज्यों की भी सराहना की जिन्होंने अपने राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक स्कोर में महत्वपूर्ण सुधार का प्रदर्शन किया।इसके अलावा, उन्होंने जिलों के लिए ईट राइट चैलेंज के दूसरे चरण के विजेताओं को भी सम्मानित किया। इन जिलों ने खाद्य पर्यावरण में सुधार और खाद्य सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए योजनाओं को लागू करने में उत्कृष्ट प्रयासों का प्रदर्शन किया। असाधारण परिणाम वाले अधिकांश जिले उल्लेखनीय रूप से तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में स्थित थे। भाग लेने वाले 260 जिलों में से 31 ने सफलतापूर्वक 75 फ़ीसदी या उससे अधिक अंक प्राप्त किए।

साथियों बात अगर हम एसएफएसआई को जानने की करें तो खाद्य सुरक्षा के पांच महत्वपूर्ण मानकों पर राज्यों के प्रदर्शन को मापने के लिए 2018-19 में एफएसएसएआई द्वारा सूचकांक विकसित किया गया था।सूचकांक हमारे नागरिकों को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में मदद करेगा।एफएसएसएआई. के अनुसार सूचकांक का उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपने प्रदर्शन में सुधार लाने और अपने अधिकार क्षेत्र में एक उचित खाद्य सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित करना है। साथियों बात अगर हम एसएफएसआई के मापदंडों की करें तो खाद्य सुरक्षा के मापदंड एसएफएसआई. पांच प्रमुख मापदंडों पर राज्यों के प्रदर्शन को ध्यान में रखता है, जिनमें से प्रत्येक को मूल्यांकन में एक अलग वेटेज सौंपा गया है (1) मानव संसाधन और संस्थागत डेटा-यह 20 फ़ीसदी का भार वहन करता है।यह मानव संसाधनों की उपलब्धता को मापता है जैसे खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संख्या,मनोनीत अधिकारियों की न्यायनिर्णयन की सुविधा और अपीलीय न्यायाधिकरण आदि।(2) अनुपालन-यह उच्चतम भारांक का 30 फ़ीसदी वहन करता है।यह सबसे महत्वपूर्ण मानदंड है और राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के आकार और जनसंख्या के अनुरूप लाइसेंसिंग और पंजीकरण में खाद्य व्यवसायों के समग्र कवरेज को मापता है, विशेष अभियान और शिविर आयोजित करता है, राज्य लाइसेंस / पंजीकरण जारी करने में वार्षिक वृद्धि, मुस्तैदी और प्रभावशीलता।उपभोक्ताओं की शिकायतों पर ध्यान देने में तत्परता और हेल्प डेस्क और वेब पोर्टल की उपलब्धता भी इस पैरामीटर के अंतर्गत आते हैं। (3) खाद्य परीक्षण- अवसंरचना और निगरानी-20 फ़ीसदी पर भारित, यह खाद्य नमूनों के परीक्षण के लिए राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में प्रशिक्षित जनशक्ति के साथ पर्याप्त परीक्षण बुनियादी ढांचे की उपलब्धता को मापता है।यह मोबाइल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की उपलब्धता और प्रभावी उपयोग और इन्फोक नेट (भारतीय खाद्य प्रयोगशालाओं नेटवर्क) के पंजीकरण और उपयोग को ध्यान में रखता है। (4) प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण-इस पैरामीटर में सबसे कम भारांक 10 फ़ीसदी होता है।यह नियामक कर्मचारियों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर राज्यों के प्रदर्शन को मापता है।(5)उपभोक्ता अधिकारिता इसमें 20 फ़ीसदी का भार होता है।यह एफएसएसएआई की विभिन्न उपभोक्ता सशक्तिकरण पहलों पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है, जैसे कि फूड फोर्टिफिकेशन, ईट राइट कैंपस, भोग (भगवान को आनंदमय हाइजीनिक भेंट), रेस्तरां की स्वच्छता रेटिंग, स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब, आदि।इसके अलावा इस पैरामीटर के तहत उपभोक्ता जागरूकता पैदा करने के लिए राज्यों की पहल पर भी विचार किया जाता है।

साथियों बात अगर हम एफएसएसएआई की करें तो भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत स्थापित एक स्वायत्त वैधानिक निकाय है।स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार एफएसएसएआई का प्रशासनिक मंत्रालय है।मुख्यालय- दिल्ली एफएसएस अधिनियम, 2006 विभिन्न अधिनियमों और आदेशों को समेकित करता है जो पहले विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में खाद्य संबंधी मुद्दों को संभालते थे, जैसेभारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण , खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (एफएसएस अधिनियम) के तहत स्थापित एक स्वायत्त वैधानिक निकाय है।स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार एफएसएसएआई का प्रशासनिक मंत्रालय है।मुख्यालय- दिल्ली एफएसएस अधिनियम, 2006 विभिन्न अधिनियमों और आदेशों को समेकित करता है जो पहले विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में खाद्य संबंधी मुद्दों को संभालते थे, जैसे- खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 फल उत्पाद आदेश, 1955 मांस खाद्य उत्पाद आदेश, 1973 वनस्पति तेल उत्पाद (नियंत्रण) आदेश, 1947 खाद्य तेल पैकेजिंग (विनियमन) आदेश 1988दूध और दुग्ध उत्पाद आदेश, 19921)(1)खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954(2)फल उत्पाद आदेश, 1955(3)मांस खाद्य उत्पाद आदेश, 1973(4)वनस्पति तेल उत्पाद (नियंत्रण) आदेश, 1947(5)खाद्य तेल पैकेजिंग (विनियमन) आदेश1988(6)दूध और दुग्ध उत्पाद आदेश, 1992

साथियों बाद आम बजट 2023 की केंद्रीय निधि में खाद्य सुरक्षा में 31फ़ीसदी की कमी की करें तो वित्त वर्ष 2023-24 के लिए, केंद्र ने खाद्य सब्सिडी के लिए 1,97,350 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो पिछले वर्ष के संशोधित अनुमानों (आरई) 2,87,194.05 करोड़ रुपये की तुलना में 31.28 प्रतिशत कम है। आवंटन में यह कमी वित्त वर्ष 2020-21, वित्त वर्ष 2021-22 और वित्त वर्ष 2022-23 में आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि के बाद आई है, जो विशेष रूप से पीएमजीकेएवाय के तहत कोविड-19 महामारी राहत पैकेज के हिस्से के रूप में परिवारों को प्रदान किए गए अतिरिक्त खाद्यान्न के कारण है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 5 वां राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (एसएफएसआई) 2023 जारी।भारत में खाद्य सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में सभी को सुरक्षित पौष्टिक भोजन का प्रावधान सुनिश्चित करना ज़रूरी एफएसएसएआई खाद्य सुरक्षा के छह अलग-अलग पहलुओं में राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के प्रदर्शन के मूल्यांकन इंडेक्स जारी करता है।



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

## बेचारगी

ज़ख्मों से भरी जिंदगी,
जाएं तो कहां जाएं।
होती नहीं अब बंदगी,
जाएं तो कहां जाएं।
जिंदा तो हैं जीने का,एहसास नहीं कोई,
सामान है सब ग़म का,
पर पास नहीं कोई,
दिल चाहे अब रवानगी,
जाएं तो कहां जाएं।
अब के बरस खुदाया,
आई है क्या बहार,
जलवे नहीं हैं कोई, हर शै लगे बेज़ार,
तबियत में है बेचारगी,
जाएं तो कहां जाएं।
चुभने लगा है दिल में,
बंजारापन ख़लीश सा,
बेचैनी बन के हर पल,
रहने लगा रंज़ीश सा,
बढ़ने लगी दीवानगी,जाएं तो कहां जाएं।
दिल कहता हां ज़हन न, झड़पल है जंग जारी,
खुद से इश्क में लड़ना, उफ़ कैसी अदाकारी,
होती नहीं अदायगी, जाएं तो कहां जाएं।
है आईना हर एक, दर ओ दीवार पे लगा,
बे नूर है ये जिंदगी, जीना है एक सज़ा,
बढ़ने लगी है तीरगी, जाएं तो कहां जाएं।



**पुष्पा स्वाती,** मुम्बई

## तुम्हारे रंग चुने

हाथों को थामे चलना है
हमें चाहतों में पलना है
साथ साथ एक दूजे के
गिरना और सम्भलना है
तुम्हारे रंग चुने मैंने सदा
बस तुम्हारे रंग ढलना है
मुश्किल हों गर रास्ते तो
हिम्मत धरे निकलना है
बनने चले हैं कुंदन हम
हमें शोलों में जलना है
जो गीत नागवार हों
उन गीतों को बदलना है



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

## बातचीत

नन्हें बच्चो की निर्मल है बातचीत।
मुकद्दस गंगाजल है बातचीत।
अजी मुँह फुलाने से क्या फायदा,
हर मसले का हल है बातचीत।
नागिन सी डँसती है ये तन्हाई,
विपदा में भी संबल है बातचीत।
दोस्तों घुट के जीने का क्या फायदा,
समझौते की पहल है बातचीत।
उसका हर लफ्ज है दिलकश,
उसकी शोख गजल है बातचीत।



**ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

## सावन

बन कर मौसम तू सावन के जैसा
सभी के अंतर्मन को शीतल कर दे
जो आये तो महका दे इस धरा को
सभी का मन जैसे हरीतिमा कर दे
जो बन जाये अगर तू सावन जैसा
जहाँ रखे कदम, खुशहाली कर दे
तेरा हुनर आज सभी लोग देखेंगे
जब बिन बादल तू बरसात कर दे
मिलता ये हुनर किस्मत वालों को
तुझे मिला,तो एक एहसान कर दे
बरसा दे अब मुहब्बत का सावन
इश्क़ का जहाँ फिर हरा भरा कर दे



**आशीष शर्मा अमृत**
जयपुर, राजस्थान

## मेरा यार

मेरा यार गम-खुशी,का साथी है
तू मेरा हम सफर, तू हमराही है।
तूझसे मेरा जीवन, खुशगवार है
तुझसे ही यह, जीवन गुलजार है।
तू मेरे लिए पतझर, में बहार है
तू ही मेरा नावीक, तू पतवार है।
तू मेरा राहगीर, मेरा राजदार है
तू मेरा हितैषी, तूही प्रेरणाधार है।
तू ही गम-खुशी का,सहभागी है
तुमने मेरे लिए सदा,दुआ मांगी है।
तू मेरा सब कुछ,यारों का यार है
तू मेरा दिलबर, और दिलदार है।
तेरी दोस्ती, मेंरे लिए मिशाल है
तेरी याराना, भी बड़ी कमाल है।
जब मिले दो यार, मचे धमाल है
तेरे जैसा न कोई, तू बेमिशाल है।



**अशोक पटेल आशु**
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

## सौदार्यमयी लीची रानी

झूमे लीची की डाली
हरी भरी मतवाली,
उस पे बैठी रसभरी,
सौंदर्यमयी लीची रानी,
सभी ललचाई
नजरों से देख रहे,
रसभरी मीठी मीठी सौंदर्यमयी ,
बन के देखो,
डाल डाल इठालये,
लो मुस्करा गया बाग मेरा,
लाल चुनरिया ओढ के प्यारी,
शाही बग्घी पर बैठी लीची रानी,
मुजफ्फरपुर की सैर करने आई,
देखो सहेलियों संग बलखाती,
अकेले रहने की अदा
इन्हें नहीं आती,
बच्चे बूढ़े और जबां
सारे इन पे हुए फिदा,
सौंदर्यमयी लीची रानी,
हर वर्ष आती,
मुजफ्फरपुर की शान बढाती।



**सविता राज**
मुजफ्फरपुर
बिहार

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# धारदार हथियार से युवक की हत्या फिर शरीर में पत्थर बांधकर कुएं में फेंका शव

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 जून 2023
(घटती-घटना)।



शहर के बौरीपारा स्थित किराए के मकान में रहने वाले एक युवक की कुछ लोगों ने हत्या कर दी और गले व पैर को रस्सी से बांध दिया। इसके बाद शरीर में पत्थर बांधकर कुएं में लाश फेंक दी। बुधवार को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ टीम की मदद से शव को बाहर निकलवाया। पुलिस उस घर में भी पहुंची जहां उसकी हत्या की गई थी, पुलिस को वहां खून के छींटे मिले हैं जिसे लिपाई कर मिटाने का प्रयास किया गया था। हत्या के बाद आरोपी फरार हैं। पुलिस द्वारा उन्हें जल्द पकडने का दावा किया जा रहा है।

शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नर्मदापुर के कुछ ग्रामीणों ने 7 मई को पुलिस को सूचना दी कि वहीं के एक घर से रात में चीखने-चिल्लाने की आवाज आ रही थी। सूचना मिलते ही सीएसपी स्मृतिक राजनाला के नेतृत्व में गांधीनगर पुलिस की टीम नर्मदापुर गांव पहुंची।

उन्होंने उक्त मकान का निरीक्षण किया तो वहां जमीन व दीवारों पर खून के छींटे मिले, लेकिन वहां कोई मौजूद नहीं था। पुलिस ने देखा कि खून के छींटों को मिट्टी से लिपाई कर मिटाया गया है।

इसके बाद पुलिस ने आसपास सर्चिंग की तो घटनास्थल से कुछ दूर खेत में स्थित कुएं में एक युवक की लाश मिली। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया तो उसके गले व पैर में रस्सी बंधी थी तथा शरीर में पत्थर भी बंधा हुआ था। वहीं शव पर चोट के निशान भी थे।

### युवक की हुई शिनाख्त

पुलिस ने फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मदद से मौके पर जांच भी की। इस दौरान मृतक की पहचान बिहार के गया जिला के वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केनार निवासी सुधीर साव पिता स्व. राजेंद्र साव 38 वर्ष के रूप में की गई। वह वर्तमान में अंबिकापुर के बौरीपारा में रह रहा था। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। मामले में गांधीनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 201 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। इस संबंध में एडिशनल एसपी विवेक शुक्ला ने जल्द ही आरोपियों के पकड़े जाने की बात कही है।

# वसुधा महिला मंच की मासिक बैठक में कई कार्यक्रमों को लेकर की गई चर्चा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 जून 2023
(घटती-घटना)।



वसुधा महिला मंच की मासिक बैठक सरगुजा शिल्प, त्रिकोण चौक पर संरक्षिका डॉ. पुष्पा सोनी एवं वरिष्ठ सदस्य संतोष पांडेय की उपस्थिति में हुई। संयोजिका वन्दना दत्ता ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही जन शिक्षण संस्थान से जरूरतमन्दों के लिए सिलाई प्रशिक्षण, छह माह का प्रमाणपत्र परीक्षा का शुभारंभ किया जाएगा। नए शिक्षण सत्र में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने, जरूरतमंद बालिकाओं को वसुधा सामग्री वितरण करेगी। प्रति माह अंतिम रविवार को सरगुजा शिल्प में चार बजे से बैठक होगी। इस मौके पर वर्तमान में ग्वालियर में रह रही सदस्य आशा थोराट का सभी ने स्वागत किया, जो यहां नहीं रहते हुए भी हमेशा वसुधा के हर आयोजन में सहयोग करती हैं। सभी ने उनका इसके लिए आभार व्यक्त किया। बैठक में जया तिवारी, मिलन शर्मा, रीता अग्रवाल, अनुभा डबराल, बलविंदर टुटेजा, ज्योति द्विवेदी, सरिता भाटिया, रश्मि गुप्ता, चैती अग्रवाल, लीला बंसल, हिना परवीन, तनुश्री मिश्रा, नीलू गुप्ता, नमिता चावला का सराहनीय योगदान रहा। बैठक में आय-व्यय का हिसाब भी दिया गया। जिनका सहयोग नहीं मिलता है, एवं जो सदस्य वसुधा के कार्यक्रम में उपस्थित नहीं होते है उन्हें, सदस्यता से मुक्त करने का निर्णय लिया गया। आगामी बैठक जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में होगी।



## डॉ. शैलेंद्र गुप्ता छत्तीसगढ़ कर्मचारी संघ के संभागीय वरिष्ठ सलाहकार मनोनीत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 जून 2023
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी संघ सरगुजा संभाग के अध्यक्ष मो. सउद अंसारी ने संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ एवं जिला क्षय अधिकारी सरगुजा को संघ का संभागीय वरिष्ठ सलाहकार मनोनीत किया है।

# हेपेटाइटिस बी-सी से होती है 90 प्रतिशत मौतें

» राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस को लेकर संभाग स्तरीय दो दिवसीय सम्मेलन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 जून 2023
(घटती-घटना)।

राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस को लेकर संभाग स्तरीय दो दिवसीय सम्मेलन राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर के लेक्चर हॉल में आयोजित की गई, जिसमे स्वास्थ्य विभाग के 300 से ज्यादा चिकित्सक, कार्यक्रम अधिकारी, लैब टेक्निशियन स्वास्थ्य कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। यह कार्यक्रम संयुक्त संचालक (स्वास्थ्य) डॉ.पीएस सिसोदिया, अधिष्ठाता डॉ. रमनेश मूर्ति की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। माईक्रोबायोलाजी के विभागाध्यक्ष डॉ.रमनेश मूर्ति ने विभाग के द्वारा वायरल हेपेटाइटिस की पहचान व जांच के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हेपेटाइटिस बी की आरंभिक जांच सेंपल से सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व सब हेल्थ सेन्टर में निःशुल्क कराई जा सकती है। आरंभिक जांच में हेपेटाइटिस बीमारी आने पर मेडिकल कॉलेज स्तर पर आरटीपीसीआर के माध्यम से पुष्टि की जाती है। मेडिसिन विभाग के एसोसियेट प्रोफेसर डॉ. शागील ने हेपेटाइटिस के ईलाज के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सामान्यतः हेपेटाइटिस या पीलिया होने पर किसी भी प्रकार की एन्टीवायरस दवाई नहीं दी जाती है, परन्तु जिनमें हेपेटाइटिस बी या सी का संक्रमण होता है, उनके शरीर में वायरस लम्बे समय तक रहता है व लीवर को पूरी तरह से नष्ट कर देता है। हेपेटाइटिस सी में तीन महीने के ईलाज से मरीज पूरी तरीके ठीक हो जाता है, जबकि हेपेटाइटिस बी में मरीज को लम्बे समय तक दवाई लेते रहना पड़ता है, ये सभी दवाई महंगी होती है परन्तु राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पुर्णतः निशुल्क है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. शैलेंद्र गुप्ता ने हेपेटाइटिस बी एवं सी संक्रमण को शरीर के लिए घातक बताया। उन्होंने कहा कि संक्रमण से बचाव व वायरल हेपेटाइटिस के प्रति जागरुकता, टीकाकरण करवाकर वायरल हेपेटाइटिस से बचा जा सकता है। हेपेटाइटिस से होने वाली मौत में 90 प्रतिशत मौतें हेपेटाइटिस बी एवं सी से होती है। हेपेटाइटिस बी एवं सी की अधिकतर संभावना असुरक्षित यौन संपर्क, असुरक्षित सिरिंज का उपयोग ईलाज व नशे के प्रयोग में, टैटू में असुरक्षित नीडल का उपयोग, असुरक्षित ब्लड ट्रान्सफ्यूजन, नशा करने वाले में होती है। मंच संचालन डॉ. स्वाति भारद्वाज के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्य, डॉ. अरुनेश सिंह, डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. ओबेलेसु गुण्डाला. डॉ. अरविंद, डॉ. राजेश श्रीवास्तव, डॉ.पीके सिन्हा, डॉ. हेमलता, डॉ. विकास पाण्डेय, डॉ. सुखप्रित कौर, डॉ. वर्षा, डॉ. प्रणय, डॉ. रवि सोनी, डॉ. इमरान सहित अन्य शामिल रहे।



### सर्वे में सेंट्रल जेल में 45 कैदी हेपेटाइटिस बी-सी से संक्रमित

सेन्ट्रल जेल अम्बिकापुर के 2000 कैदी के सर्वे में 45 कैदी हेपेटाइटिस बी एवं सी से संक्रमित पाए गए थे। हेपेटाइटिस बी एवं सी का ईलाज नहीं होने पर लीवर का कैंसर व सिरोसिस जानलेवा साबित होता है। ललित अग्रवाल ने हिपेटाइटिस डी से संक्रमित गर्भवती माता को ईमोनाग्लोब्युलिन दी जाने की बात बताई, जिससे होने वाले बच्चे में हिपेटाइटिस बी का संक्रमण का खतरा कम हो जाता है।

## पिता की हत्या करने वाले पुत्र को थाना प्रतापपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,08 जून 2023 (घटती-घटना)।

आज ग्राम दुरती निवासी जयमंगल ने थाना प्रतापपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 जून के रात्रि में इसका पिता पवनसाय नशे में घर आया और अपनी पत्नी को गाली गलौज करने लगा तो भाई धीरेन्द्र सिंह पिता को गाली गलौज करने से मना किया पर वह नहीं माना तब उसने पिता को हाथ झापड से मारपीट किया फिर भी वह गाली देना बंद नहीं किया तब वह गुस्से में फावड़ा से पिता के सर में प्रहार कर हत्या कर दिया। प्रार्थी की सूचना पर मर्ग कायमी उपरान्त अपराध क्रमांक 122/23 धारा 302 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।



पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना प्रतापपुर पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए दबिश देकर आरोपी धीरेन्द्र सिंह पिता स्व. पवन साय उम्र 31 वर्ष को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फावड़ा जप्त कर उसे गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर किशोर केरकेट्टा, प्रधान आरक्षक राजेश यादव, रजनीश त्रिपाठी, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, अवधेश कुशवाहा, हरिशचन्द्र दास व प्रवीण सिंह सक्रिय रहे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी शिव भजन मरावी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण किया

- संवाददाता -
सूरजपुर,08 जून 2023
(घटती-घटना)।



चंदोरा थाना परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी शिव भजन मरावी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण किया श्रीमती मरावी ने चंदोरा थाना के सभी कक्ष एवं कैंपस का निरीक्षण भी किया निरीक्षण के दौरान साफ सफाई एवं व्यवस्थाओं को देखकर खुशी जाहिर की श्रीमती मरावी ने कहा कि थाना चंदोरा हमारे क्षेत्र का सबसे संवेदनशील एरिया है यहां पर घाट पिंडारी में हमेशा सड़क दुर्घटना होती रहती हैं सड़क दुर्घटना को रोकने में आप लोगों का प्रयास हमेशा सराहनीय रहा है दुर्घटना के बाद लोगों का सहयोग करना एवं घायल व्यक्ति को तत्काल चिकित्सा सुविधा पहुंचाना आप लोगों का हमेशा से प्राथमिकता रहा है जो सराहनीय है उन्होंने कैंपस की साफ-सफाई और फूल पौधों का ध्यान देने का निर्देश दिया इस दौरान थाना प्रभारी शिव कुमार खुटे के द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए बताया गया कि हमारे यहां एक वाटर कूलर की आवश्यकता है ताकि क्षेत्र के लोग आते हैं उन्हें ठंडे पानी की व्यवस्था हो सके जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष अध्यक्ष ने परिषर में वाटर कूलर लगाने का आश्वासन दिया इस दौरान थाना प्रभारी ने एक गंभीर समस्या बताया की प्रतापपुर हॉस्पिटल में शव को रखने के लिए एक मसूरी की आवश्यकता है क्योंकि कभी-कभी दुर्घटना जनित रोग के परिजन दो-तीन दिन बाद आते हैं जिससे शव रखने में बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है इस पर अध्यक्ष ने कहां स्वास्थ्य मंत्री से बात कर व्यवस्था करवाऊंगी इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सेवा दल के अध्यक्ष कुंदन मिश्रा ने कहा की घाट पंडारी मेरा गृह ग्राम है यहां पर जितनी भी दुर्घटनाएं होती हैं हम सब सहयोग की भावना दिखाते हैं चंदोरा थाना का हर समय विशेष सहयोग मिलता आया है और बहुत सारे लोगों को समय पर इलाज कराकर बचाया जाता है इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन मरावी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सेवा दल के अध्यक्ष कुंदन मिश्रा चंदवारा थाना प्रभारी शिवकुमार खुटे मिथिलेश गुप्ता केश्वर मरावी अखिलेश दुबे एवं समस्त थाना स्टाफ उपस्थित थे।

# प्रभा बनी मजदूर से उद्यमी

» रीपा योजना के जरिए महिलाएं आर्थिक रूप से हो रहीं हैं सशक्त

- संवाददाता -
बलरामपुर,08 जून 2023
(घटती-घटना)।







राज्य शासन की महत्वाकांक्षी नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना के अंतर्गत गावों में निर्मित गौठानों के माध्यम से स्व-सहायता समूह की महिलाओं को एक नई पहचान मिल रही है। शासन के द्वारा गौठानों को महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित कर विभिन्न प्रकार की रोजगार मूलक गतिविधियां संचालित की जा रही है। रूरल इंस्ट्रियल पार्क (रीपा) के बनने से कई सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगे हैं। कभी दूसरे राज्यों में काम की तलाश में जाने वाली महिलाएं अब अपने गावं में हीं गौठानों और रीपा के माध्यम से विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का संचालन कर आर्थिक लाभ अर्जित कर रही हैं।

विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम पंचायत पुटसुरा के गौठान को देखें तो इसे महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया गया है। जहां पर स्व-सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा दोना-पत्तल का निर्माण किया जा रहा है। यहां महिलाएं दोना-पत्तल निर्माण कर लगभग 01 लाख 60 हजार रूपये की आय प्राप्त किए हैं, जिसमें उन्हें लगभग 24 हजार रूपये का लाभ प्राप्त हुआ है। दोना पत्तल निर्माण करने वाली मां कुदरगढ़ी महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य प्रभा देवी ने बताया कि समूह से जुड़ने से पूर्व वह आजीविका के लिए अपने पति के साथ कृषि व मजदूरी का कार्य करती थी, तथा कड़ी मेहनत करने के बाद भी उन्हें बहुत कमे आय प्राप्त हो पाती थी। जिससे उनको घर का खर्च बच्चों की पढ़ाई कराने में बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि उनका सपना था की एक अपना उद्यम हो, जिससे वे अपने पति का घर चलाने में हाथ बटा सके, तथा बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला सके। मां कुदरगढ़ी स्व-सहायता समूह की सदस्य बनने तथा पुटसुरा गौठान को शासन द्वारा महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में विकसित करने से उन्हें रोजगार का एक मौका मिला।

# 'राजस्व पटवारी संघ के आंदोलन पर एस्मा लगाना अनुचित'



- संवाददाता -
सूरजपुर,08 जून 2023
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ के द्वारा अपनी 8 सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए दिनांक 15 मई 2023 से अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जा रहा है और आज 25 दिनों के चल रहे आंदोलन को कुचलने के लिए सरकार ने पटवारी संघ के आंदोलन पर एस्मा लगा दिया है।

इस पर राजस्व पटवारी संघ ने सरकार के इस दामनात्मक आदेश की निंदा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में सभी समाज, संगठन को अपनी अपनी बात रखने का अधिकार है ।शासन को आंदोलन के पूर्व ज्ञापन/नोटिस दिया जाता है, यदि सरकार सकारात्मक होती तो आंदोलन के पूर्व संगठन से चर्चा कर समाधान निकाल लेती, किंतु सरकार ने आंदोलन के पूर्व पटवारी संघ के साथ चर्चा नहीं की और ना ही इन 24 दिनों से चल रहे आंदोलन के दौरान चर्चा कर समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया !उक्त संबंध में पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार साहू ने बताया कि किसी भी कर्मचारी संगठन एकाएक आंदोलन जैसा अप्रिय कदम नहीं उठाते हैं!

जब राज्य की जनता परेशान होने लगी तो कर्मचारियों की मांगों पर समाधान करने के बजाय उन्हें एस्मा लगाकर आंदोलन को दबाने का प्रयास किया जा रहा है इससे समूचे छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों की मांगों पर कुठाराघात होगा तथा कर्मचारी और अधिक आक्रोशित होंगे। इसलिए उनके द्वारा लगाए गए एस्मा के ज्ञापन की प्रति को आज प्रान्त के निर्णय अनुसार पंडाल पर उस प्रति को जलाया गया है। हमारी मांगों पर सरकार सहानुभूति पूर्वक विचार कर आंदोलन को समाप्त करने की बात कही गई।

# हज पर जाने वाले हाजियों का किया गया सम्मान

» हाजियों से देश के लिए अमन चैन की दुआ मांगने का आह्वान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 जून 2023
(घटती-घटना)।



मुस्लिम समाज के पवित्र धार्मिक स्थल मक्का-मदीना शरीफ हज पर जाने वाले हज यात्रियों का दल हज के लिए रवाना होना शुरू हो गया है। इस बीच हज पर जाने वाले हाजियों के लिए नाजमिया मस्जिद रसूलपुर में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हाजियों को माला पहनाकर सम्मानित करने के साथ ही हज के दौरान हिन्दुस्तान में अमन चैन व भाईचारे की दुआ मांगने की अपील की गई। मुस्लिम समाज के पवित्र धर्म स्थल मक्का मदीना में हज पर प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोग जाते है। इस बार भी सरगुजा संभाग से लगभग 54 महिला पुरुष हज के लिए जा रहे है। 45 दिनों की इस हज यात्रा के लिए हाजियों को पूर्व में ही प्रशिक्षण दिया जा चुका है। हाजियों के मक्का मदीना के लिए रवाना होने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। सरगुजा और छत्तीसगढ़ के हाजी नागपुर एयरपोर्ट से हज के लिए जाते है। हज पर जाने वाले यात्रियों का प्रतिवर्ष रसूलपुर स्थित दारुल उलूम फैजुर्रसूल द्वारा सम्मान किया जाता है। गुरुवार को को भी हज पर जाने से पहले मदरसा दारुल उलूम फैजूर्रसूल में नाजमिया मस्जिद द्वारा हाजियों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही व मौलाना नूर आलम मिस्बाही ने उन्हें हज के महत्व की जानकारी देने के साथ ही वहां की जाने वाले इबादतों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हज के दौरान सभी हाजी अपने और अपने परिवार के लिए दुआ करने के साथ ही हिन्दुस्तान के जनता की सलामती और देश में अमन चैन और तरक्की की दुआ करें। सम्मान समारोह के पूर्व हाजियों को हज पर जाने से पहले और हज के दौरान पढ़ी जाने वाली नमाज व अन्य जरुरी बातों की जानकारी प्रदान की गई। कमेटी द्वारा हज पर जाने वाले हाजी ऐनुल आवेदिन एडवोकेट, मोहम्मद अख्तर चम्मा, इदरीश अंसारी, मोहम्मद मेराज अंसारी, फारूक कादरी को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मोतवल्ली जीलानी खान, सदर रशीद अंसारी, हाजी मोहम्मद आरिफ खान, कारी ऐनुल हक, मुजीब अशरफ, कारी नाजिम अख्तर सहित अन्य मौजूद थे।

## कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से सविता को मिली एक दिन में ही भूमि सीमांकन की नकल

- संवाददाता -
बलरामपुर,08 जून 2023
(घटती-घटना)।

जिले के तहसील रघुनाथनगर के ग्राम हरिगवां निवासी श्रीमती सविता कुशवाहा के द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर को ग्राम पण्डरी स्थित भूमि के सीमांकन प्राप्त नहीं होने पर आवेदन प्रस्तुत किया गया था। कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने प्राप्त आवेदन पर संज्ञान लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वाड्रफनगर श्री शशि चौधरी को आवेदन पत्र का निराकरण करने हेतु निर्देशित किए थे। कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री शशि चौधरी ने तत्काल कार्यवाही करते हुए सीमांकन की नकल तैयार कराकर आवेदिका श्रीमती सविता कुशवाहा को एक दिन में हीं सीमांकन की नकल प्रदान किया गया।

# जनमत सर्वेक्षण में खुलासा,यूरोप का बहुमत तो नहीं चाहता चीन से युद्ध

**बर्लिन ,08 जून 2023।** यूरोप में बहुमत की राय है कि अगर अमेरिका और चीन के बीच युद्ध होता है, तो उस हाल में यूरोप को तटस्थ रहना चाहिए। यह बात यूरोपियन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस की तरफ से यूरोप के 11 देशों में किए गए जनमत सर्वेक्षण से सामने आई है। बर्लिन स्थित इस संस्था की शाखाएं लगभग सभी यूरोपीय देशों में हैं।

इसकी ताजा सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक 62 फीसदी यूरोपवासियों ने ताइवान के मुद्दे पर अमेरिका और चीन के बीच युद्ध होने की स्थिति में यूरोप के तटस्थ रहने के पक्ष में अपनी राय जताई। जबकि 23 फीसदी लोगों ने कहा कि युद्ध में यूरोप को अमेरिका का साथ देना चाहिए।

इस सर्वे से सामने आया है कि अभी भी यूरोप में जनमत का एक बड़ा हिस्सा चीन को यूरोप का पार्टनर मानता है। ऐसी राय जताने वाले लोगों की संख्या 43 फीसदी रही। इससे संबंधित सवाल में सर्वे में शामिल लोगों के सामने कई विकल्प दिए गए थे। उनमें से सबसे ज्यादा लोगों ने चीन को ऐसे पार्टनर के रूप में देखना पसंद किया, जिसके साथ वे सहयोग करना चाहेंगे।

सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है- 'यूरोपीय नागरिक अमेरिका-चीन टकराव में तटस्थ रहना चाहते हैं और चीन से संबंध को डी-रिस्क करने (जोखिम घटाने) की नीति के प्रति वे अनिच्छुक हैं। हालांकि वे यह स्वीकार करते हैं कि यूरोप में चीनी अर्थव्यवस्था की मौजूदगी से कुछ जोखिम जुड़े हुए हैं।'



यह सर्वे रिपोर्ट उस समय जारी हुई है, जब यूरोप में इस मुद्दे पर तीखी बहस चल रही है कि यूरोपियन यूनियन को चीन के साथ कैसा रिश्ता रखना चाहिए। यूरोपियन यूनियन (ईयू) के अधिकारी इस समय अपने ब्रसेल्स स्थित मुख्यालय में एक नई आर्थिक सुरक्षा रणनीति तैयार करने में जुटे हुए हैं। इस दस्तावेज को अगले 20 जून को जारी किया जाएगा। समझा जाता है कि इस दस्तावेज में उन क्षेत्रों में यूरोपीय अर्थव्यवस्था को चीन से अलग करने के उपाय सुझाए जाएंगे, जिनमें यूरोप चीन पर अधिक अधिक निर्भर होता जा रहा है। इस बीच उन चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी भी की जा रही है, जिन पर यूरोप में निर्मित उच्च तकनीक वाले उत्पादों को रूसी सेना को बेचने का आरोप है।

खबर है कि चीन से संबंध के मुद्दे पर यूरोपीय नेताओं में मतभेद गहराते जा रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उरसुला वॉन डेर लियेन इस मसले पर आमने-सामने हैं। सबसे पहले वॉन डेर लियन ने ही चीन से संबंधों में डी-रिस्किंग की रणनीति अपनाने की वकालत की थी, जिसे बाद में अमेरिका ने भी स्वीकार कर लिया।

समझा जाता है कि अब जारी हुई सर्वे रिपोर्ट से मैक्रों जैसी राय रखने वाले नेताओं का पक्ष मजबूत होगा, जो चीन से संबंध के मामले में अमेरिका पिछलग्गू ना बनने की दलील दे रहे हैं। फ्रांस में 53 फीसदी लोगों ने तटस्थ रहने के पक्ष में राय जताई। माना जा रहा है कि इसे देखते हुए अपनी दलील को आगे बढ़ाने के लिए मैक्रों का मनोबल बढ़ सकता है।

पोलैंड जैसे घोर रूस विरोधी देश में चीन के मामले में तटस्थ रहने की राय 51 फीसदी लोगों ने जताई। सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है- 'सर्वे के निष्कर्ष बताते हैं कि कई रूपों में यूरोप के नागरिक टीम वॉन डेर लियेन की तुलना में टीम के मैक्रों साथ ज्यादा हैं।'

# इंदिरा गांधी की हत्या का खालिस्तानियों ने मनाया जश्न,शर्मनाक करतूत पर उच्चायुक्त ने कही बड़ी बात

**ओंटारियो,08 जून 2023।** कनाडा में खालिस्तानियों की एक और शर्मनाक करतूत सामने आई है। दरअसल कनाडा के ब्रैम्पटन इलाके में एक झांकी निकाली गई। इस झांकी में एक झांकी में इंदिरा गांधी की हत्या वाली घटना को भी शामिल किया गया था। झांकी में इसे बदला बताया गया था। इस झांकी का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और भारतीय यूजर्स इसकी जमकर आलोचना कर रहे हैं। कांग्रेस ने भी इसकी आलोचना की है।



### कांग्रेस ने विदेश मंत्री से की ये मांग

कनाडा की झांकी में इंदिरा गांधी की हत्या की घटना को शामिल करने पर कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से मांग की है वह इस मामले को कनाडा की सरकार के सामने मजबूती से उठाएं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी कनाडा सरकार की आलोचना की और कहा कि वहां अलगाववादियों, कट्टरपंथियों को संरक्षण दिया जा रहा है। कांग्रेस नेता मिलिंद देवड़ा ने ट्वीट करते हुए लिखा कि यह किसी का पक्ष लेने की बात नहीं है बल्कि यह देश के इतिहास के सम्मान और एक प्रधानमंत्री की हत्या से उपजे दर्द की बात है। देवड़ा के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी विदेश मंत्री से इस मामले को कनाडा की सरकार के सामने मजबूती से उठाने की मांग की।

### ऑपरेशन ब्लू स्टार के विरोध में की गई थी इंदिरा गांधी की हत्या

बता दें कि देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर 1984 में नई दिल्ली स्थित आवास पर गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। अमृतसर में स्वर्ण मंदिर से आतंकियों को निकालने के लिए भारतीय सेना ने ऑपरेशन ब्लू स्टार चलाया था। इसी ऑपरेशन के विरोध में इंदिरा गांधी की उन्हीं के गार्ड्स द्वारा हत्या कर दी गई थी। अब कनाडा में खालिस्तानी उस घटना को बदले का नाम देकर सेलिब्रेट करते दिखाई दिए।

### कनाडा के उच्चायुक्त ने की निंदा

वहीं खालिस्तानियों की इस करतूत पर भारत में कनाडा के उच्चायुक्त ने नाराजगी जाहिर की है। कनाडा के उच्चायुक्त कैमरून मैके ने ट्वीट करते हुए लिखा कि %कनाडा में हुए एक इवेंट के दौरान भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या को सेलिब्रेट करने की घटना में से मैं हैरान-परेशान हूं। कनाडा में नफरत और नफरत का महिमामंडन के लिए कोई जगह नहीं है। मैं इस तरह की घटनाओं की निंदा करता हूं।



## फ्रांस के अनेसी शहर में बच्चों पर चाकूबाज ने किया हमला, कई गंभीर रूप से घायल

**अनेसी, 08 जून 2023।** फ्रांस के अनेसी शहर में एक पार्क में कुछ बच्चों पर चाकूबाज ने हमला कर दिया। बताया गया है कि घटना में पांच लोग जख्मी हुए हैं, इनमें चार बच्चे शामिल हैं। फ्रांस पुलिस की ओर से जारी बयान के मुताबिक, हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना अमानवीय है और इसकी जांच की जा रही है। इस बीच फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गईं।

इससे पहले जनवरी में पेरिस के एक रेलवे स्टेशन पर हुई चाकूबाजी की घटना में कई लोग घायल हुए थे। इस दौरान पुलिस को फायरिंग भी करनी पड़ी थी, जिसमें हमलावर घायल हो गया था। पुलिस ने बताया था कि हमले में कई लोग घायल हुए थे। फ्रांस के आतंरिक मंत्री गेरार्ड डरमेनिन ने बताया था कि हमलावर को मार गिराया गया है।

## इटली की संसद में पहली बार महिला सांसद ने बच्चे को कराया स्तनपान, सभी पार्टियों ने किया समर्थन

**नई दिल्ली,08 जून 2023।** इटली में एक महिला सांसद ने पहली बार संसद में अपने बच्चे को स्तनपान (ब्रेस्टफीड) कराया। सासंद जिल्डा स्पोर्टियेलो ने संसद के चेंबर में अपने बेटे को ब्रेस्टफीड करा रही थी, जिसे देख सभी सांसदों ने तालियां बजाकर उनके इस कदम का स्वागत किया।



कई देशों में इसे सामान्य माना जाता है, लेकिन इटली जैसे पुरुष प्रधान देश में यह पहली बार हुआ है। संसदीय सत्र की अध्यक्षता करते हुए जियोर्जियो मुले ने कहा- %ऐसा पहली बार हुआ है। जिल्डा स्पोर्टियेलो को स्वतंत्र, लंबी और शांतिपूर्ण जीवन के लिए शुभकामनाएं। अब हम धीरे बोलेंगे।

पिछले साल नवंबर में संसदीय नियम पैनल ने महिला सांसदों को अपने बच्चों के साथ चेंबर में प्रवेश करने और उन्हें एक साल की उम्र तक बच्चे को ब्रेस्टफीड कराने की अनुमति दी थी।

स्पोर्टियेलो ने कहा- %समय न मिलने की वजह से कई महिलाओं ने अपने बच्चों को स्तनपान कराना बंद कर दिया है। ऐसा करना उनकी इच्छा नहीं थी, लेकिन काम की वजह से उन्हें ऐसा करना पड़ता है।%

पिछले साल अक्तूबर में दो तिहाई पुरुष सांसदों के बीच जियोर्जिया मिलोनी ने इटली की प्रथम महिला प्रधानमंत्री के तौर पर पदभार संभाला था। बुधवार को स्पोर्टियेलो द्वारा संसद में बच्चे को ब्रेस्टफीडिंग कराना इटली के लिए नया था। 13 साल पहले लाइसिया रोनजुली ने स्ट्रासबर्ग में यूरोपियन सांसद में अपनी बेटी को स्तनपान कराया था।

# भारतीय मूल के मंत्री लड़ेंगे सिंगापुर में राष्ट्रपति चुनाव,प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जताई इच्छा



**सिंगापुर,08 जून 2023।** सिंगापुर में एक भारतीय मूल के वरिष्ठ मंत्री थर्मन शनमुगरत्नम ने गुरुवार को 22 साल बाद सक्रिय राजनीति से अलग हटकर इस साल के अंत में राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री ली ह्सियन लूंग को राजनीति और अन्य सभी पदों से इस्तीफा देने के अपने फैसले की जानकारी पत्र लिखकर दी।

थर्मन ने यह भी कहा कि वह सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी से इस्तीफा देना चाहते हैं, जो 1960 के दशक से समृद्ध सिंगापुर को चला रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री ली ह्सियन लूंग को राजनीति से सेवानिवृत्त होने साथ सरकार में अपने सभी पदों से सेवानिवृत्त होने और राष्ट्रपति चुनाव में लड़ने के बारे में सूचित किया जो सितंबर तक होगा।

एक स्थानीय रिपोर्ट के मुताबिक, थर्मन शनमुगरत्नम ने पत्र में लिखा कि मेरी योजना अब से एक महीने बाद 7 जुलाई, 2023 को ऐसा करने की है, ताकि मैं सिंगापुर में अपनी तत्काल आधिकारिक प्रतिबद्धताओं को पूरा कर सकूं। वह अन्य सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से भी हट जाएंगे जो वह मंत्री पद पर रहते हुए निभा रहे हैं। वहीं इसके बाद प्रधानमंत्री ने भी एक पत्र के माध्यम से थर्मन शनमुगरत्नम को बताया कि वह उनके राष्ट्रपति के पद की दौड़ के फैसले को समझते हैं।

थर्मन सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण (एमएएस) के अध्यक्ष, जीआईसी के उपाध्यक्ष, आर्थिक विकास बोर्ड की अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के अध्यक्ष और अन्य जिम्मेदारियों से अपने पद छोड़ देंगे। थर्मन ने कहा कि वह हाल के महीनों में सिंगापुर के लोगों ने उनसे काफी अनुरोध किया था, लोग उनको राष्ट्रपति चुनाव में खड़ा देखना चाहते हैं। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि यह एक कठिन निर्ण है। मैंने अपने परिवार से परामर्श किया है, और इस बात पर सावधानीपूर्वक विचार किया है कि मैं आने वाले वर्षों में देश की सर्वोत्तम सेवा कैसे कर सकता हूँ।

# आखिर चीन की इस आक्रामकता का राज क्या है? शांगरी-ला डायलॉग के बाद खड़े हुए सवाल

**हांगकांग,08 जून 2023।** चीन के तेवर को देखते हुए कूटनीतिक हलकों में ये कयास लगाए जा रहे हैं कि चीन का सर्वोच्च नेतृत्व युद्ध की तैयारियों में है। प्रेस ब्रीफिंग में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ताओं का लहजा अब काफी सख्त दिख रहा है। सिंगापुर में हुए शांगरी-ला डायलॉग में चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू ने भी आक्रामक अंदाज में भाषण दिया था। इस बीच चीन ने एलान किया कि उसने पूरे देश को एकीकृत राष्ट्रीय बाजार बनाने का काम पूरा कर लिया है। चीनी अधिकारियों ने कहा कि दुनिया में जटिल होती स्थितियों को देखते हुए चीन सरकार ने अपनी अर्थव्यवस्था को अपने विशाल बाजार का सहारा देने की सोच के तहत ये कदम उठाया है। उधर कूटनीतिक क्षेत्र में चीन का दावा है कि हाल में उसे ताइवान के मुद्दे पर बड़ी सफलता मिली है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के सूत्रों ने दावा किया है कि ताइवान के सवाल पर दुनिया के ज्यादातर देशों का समर्थन उसे हासिल हो चुका है। ये तमाम देश ताइवान को चीन का हिस्सा मानते हैं।




ताइवान फिलहाल स्वशासित द्वीप है, लेकिन चीन का हमेशा कहना रहा है कि यह उसका हिस्सा है। 1949 में जब चीन में कम्युनिस्ट क्रांति हुई, तब चीन की आबादी का एक तबका ताइवान चला गया और वहां अपना निवास बना लिया। ताइवान की आबादी दो करोड़ 30 लाख है। रविवार को शांगरी-ला डायलॉग को संबोधित करते हुए ली शांगफू ने कहा था कि ताइवान को अलग करने की किसी कोशिश को चीन बर्दाश्त नहीं करेगा। कूटनीतिक विश्लेषकों ने कहा है कि अगर ताइवान के मुद्दे पर लड़ाई हुई, तो रूस चीन के सबसे बड़े सहायक के रूप में सामने आएगा। यूक्रेन युद्ध में चीन रूस का सहारा बना है। यह युद्ध शुरू होने के बाद से चीन और रूस के बीच आपसी व्यापार में 40 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। रूस ने बार-बार यह संकेत दिया है कि पश्चिमी देशों के साथ बढ़ रहे टकराव में उसका समर्थन चीन के साथ है।

इस बीच चीन ने यूरोपीय देशों को यह समझाने की मुहिम तेज कर रखी है कि वे ताइवान के मामले में अमेरिका के आक्रामक रुख का साथ ना दें। बीते मार्च में अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा था कि चीन से टकराव के मामले में यूरोप को अमेरिका का पिछलग्गू नहीं बनना चाहिए। इस बयान को चीन की एक बड़ी कूटनीतिक जीत समझा गया था।

# इमरान खान का राजनीतिक करियर खत्म करने की तैयारी,पीटीआई छोड़ने वाले नेता बनाएंगे नई पार्टी!

**इस्लामाबाद,08 जून 2023।** पाकिस्तान की सत्ता पर सेना के प्रभाव के चलते वहां की राजनीति में कभी भी, कुछ भी हो सकता है। अब एक बार फिर कुछ ऐसी पटकथा लिखी जा रही है जो पाकिस्तान के पूर्व पीएम और पाकिस्तानी सेना के निशाने पर चल रहे इमरान खान के राजनीतिक करियर को पूरी तरह से खत्म कर सकती है। दरअसल हाल के समय में पीटीआई के कई बड़े नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। अब खबर आ रही है कि पीटीआई छोड़ने वाले नेता जल्द ही अपनी नई पार्टी का एलान कर सकते हैं।



### जहांगीर खान तरीन हो सकते हैं पार्टी अध्यक्ष

एक समय इमरान खान के करीबी रहे जहांगीर खान तरीन, पीटीआई छोड़ने वाले नेताओं के समूह का नेतृत्व कर रहे हैं और माना जा रहा है कि नई पार्टी के एलान के बाद तरीन ही इसके नए अध्यक्ष बन सकते हैं। नई पार्टी का नाम इश्तेकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी (आईपीपी) हो सकता है। बता दें कि जहांगीर तरीन भी उन नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में पीटीआई से इस्तीफा दिया है।

### अक्तूबर में होने वाले चुनाव में होगी शामिल

पीटीआई के 100 से ज्यादा नेताओं और विधायक-सांसदों ने बुधवार को जहांगीर खान तरीन के साथ हाथ मिला लिया। अक्तूबर में पाकिस्तान में होने वाले आम चुनाव में नई पार्टी मैदान में अपने उम्मीदवार उतार सकती है। अगर ऐसा होता है तो यह इमरान खान के बिना वाली नई पीटीआई होगी, जिसकी कमान इमरान खान के बजाय जहांगीर खान तरीन के हाथ में होगी। ऐसी खबरें आ रही हैं कि जहांगीर खान तरीन को सेना का समर्थन हासिल है और संभव है कि आगामी चुनाव में यह पार्टी सत्ता में हिस्सेदारी भी हासिल कर ले।

### इमरान खान के खिलाफ बोले नेता

पीटीआई की पूर्व नेता और अब आईपीपी का हिस्सा बन चुकीं वरिष्ठ राजनेता फिरदौस आशिक अवान ने कहा कि %इस सब के लिए इमरान खान जिम्मेदार हैं। इमरान खान के सेना विरोधी एजेंडे के चलते 9 मई की हिंसा हुई। इमरान ने राजनीतिक विरोधियों को निशाने पर लेने के बजाय सेना पर निशाना साधा और अब उसकी कीमत चुका रहे हैं। अधिकतर नेता जहांगीर खान तरीन के साथ आ चुके हैं और अब कोई भी इमरान खान के साथ नहीं रहना चाहता।% अवान ने कहा कि पीटीआई अब बीती बात हो चुकी है।

बता दें कि बीते दिनों इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में हिंसा भड़क गई थी। इस दौरान पीटीआई समर्थकों ने कई सैन्य ठिकानों समेत जगह-जगह हमले किए। इसके बाद सेना ने पीटीआई समर्थकों के खिलाफ सघन अभियान चलाकर हजारों कार्यकर्ताओं और नेताओं को जेल में डाल दिया। इसके बाद पीटीआई के नेताओं के इस्तीफों की झड़ी लग गई। अब पीटीआई छोड़ने वाले नेताओं के नई पार्टी बनाने की खबर एक तरह से इमरान खान के राजनीतिक करियर को खत्म करने की तैयारी लग रही है।

## चीन में इस ऑनलाइन चैलेंज को पूरा करने में जा रहीं जानें;जो दे रहे बढ़ावा,उन्हीं की मौत

**बीजिंग,08 जून 2023।** आजकल दुनिया में लोग अजीबो-गरीब प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेते दिखाई देते हैं। कई बार ये बहादुरी उनकी जान पर महंगी पड़ जाती है। दरअसल, डॉयिन पर एक नया तरह का ट्रेंड बना हुआ है, जिसमें लाइव स्ट्रीमिंग में शराब पीते देखा जा सकता है। इसी का हिस्सा बनने के लिए लोग इसका नुकसान जाने बिना हिस्सा लिए जा रहे हैं। ऐसे में, एक महीने के अंदर दो लोगों की जान चुकी है। पिछले महीने जहां 34 वर्षीय इन्फ्लुएंसर ब्रदर थ्री थाउजेंड की अधिक मात्रा में शराब सेवन करने से मौत हुई थी, वहीं अब 27 वर्षीय झोंग युआन हुआंग की मौत हुई है।




### लगातार पी थी सात बोतल बाईजी

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 16 मई को वीडियो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म डॉयिन पर अपनी अंतिम स्ट्रीम में थाउजेंड को अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन करते हुए देखा गया था। कहा जा रहा था कि उसने कम से कम सात बोतल बाईजी की पी थी। उसके 12 घंटे के बाद ही खबर आई थी कि उसकी मौत हो गई है। ब्रदर थ्री थाउजेंड का असली नाम वांग बताया गया था। वहीं, अब एक अन्य मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि वांग को हराने के चक्कर में हुआंग ने अपनी मौत को बुलावा दे दिया।

### वीडियो से सामने आई सच्चाई

दरअसल, हुआंग के डॉयिन पर एक लाख 76 हजार फॉलोवर्स हैं। उसने एक वीडियो बनाई थी, जिसमें बाईजी से भीगे टिश्यू पेपर को जलाते हुए दिखाया था। वहीं, एक अन्य क्लिप में दर्जनों बोतलों का ढेर दिखाया गया था। न्यूयॉर्क पोस्ट ने बताया कि बोलचाल की भाषा में हुआंग ने जिस शराब का सेवन किया था, उसे चीनी फायरवाटर कहा जाता है। इसमें 35 प्रतिशत से 60 प्रतिशत के बीच अल्कोहल की मात्रा होगी है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि हुआंग कैसे एक-एक कर शराब की बोतलों को खाली करते हुए उसका पिरामिड बना रहा है।

### कर्ज में डूबा हुआंग

उनकी पत्नी एमएस ली का कहना कि हुआंग ने बहुत कर्ज लेकर रखा है, जिसकी वजह से उसे जीवनभर काम करना पड़ेगा। बता दें, दंपति का एक बेटा है, जो इस साल किंडरगार्टन जाने वाला है। हुआंग ने इसी साल एक नया घर बनाया था।

CMYK

# बिजली की आंख मिचौली से शहर सहित गाँव वासी हैं परेशान,जिम्मेदार भी नहीं दे रहे ध्यान

**लगातार बिजली कटने और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर ग्रामीण कई बार कर चुके हैं शिकायत**

## जनप्रतिनिधि भी मामले में नहीं दे रहे ध्यान,सत्ताधारी दल का भी समस्या के प्रति नहीं कोई रुझान

- रवि सिंह -
कोरिया बैकुण्ठपुर 08 जून 2023 (घटती-घटना)।

जनता को मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो सकें और जनता चैन से रह सके इसलिए ही जनता अपने लिए जनप्रतिनिधियों का चुनाव करती है और वह जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ही बेहतर सरकार का चुनाव करती है जो जनता को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करें यह उनका दायित्व है लेकिन क्या ऐसा हो रहा है क्या जनता को मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो पा रहीं हैं यह सवाल लगातार खड़ा हो रहा है और बात यदि बैकुंठपुर विकासखंड के जमगहना ग्राम की यदि की जाए तो आज लगातार वहां के ग्रामीण बिजली की समस्या से परेशान हैं और लो वोल्टेज साथ ही लगातार बिजली कटने की वजह से वह परेशान हो भी रहें हैं जो लगातार देखा और सुना जा रहा है। जमगहना, पटना, बरदिया, रनाई, तेंदुआ, डुमरिया, कुडेली, माहौर, डकाईपरा सहित कई ग्रामीण अंचलो में आज बिजली की व्यवस्था से काफी परेशान हैं और उन्हे आए दिन बिजली की आंख मिचौली का सामना करना पड़ रहा है साथ ही यदि बिजली कट जाए तो दिन दिनभर उन्हे बिजली का इंतजार करना पड़ता है। बिजली के मामले में यदि बिजली आती भी है तो लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है और ग्रामीण इसको लेकर भी परेशान रहते हैं और उन्हे अमूमन बिना बिजली ही जीवन यापन करना पड़ रहा है।




**केबल हो चुका है पुराना,जोड़ते ही टूट जाता है ऐसा कहना है बिजली विभाग के कर्मचारियों का ग्रामीणों ने बताया**

ग्रामीणों के अनुसार जब भी वह बिजली की समस्या लेकर बिजली विभाग के कार्यालय जाते हैं उन्हे यही बताया जाता है की केबल बहुत पुराना हो चुका है और इसकी वजह से केबल जोड़ते ही टूट जाता है और इसीलिए बार बार बिजली कट जाती है और बिना केबल बदले बिजली व्यवस्था में सुधार की गुंजाइश नहीं है यह भी ग्रामीणों के अनुसार विभाग के द्वारा कहा जाता है और ग्रामीण लगातार परेशान हैं।

» **लोगों को रिझाने जनप्रतिनिधि कर रहे दौरा, बिजली समस्या से जमगहना वासियों को मिले निजात करते प्रयास तो मिलता समर्थन**

**पुरानी सरकार के समय का है केबल वर्तमान में नहीं बदलाव,सूत्र**

बताया जा रहा है की बिजली केबल पुरानी सरकार के जमाने में लगाया गया था और वर्तमान सरकार ने इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जो समस्या की मुख्य वजह बनी हुई है। यदि केबल बदल दिया गया होता बिजली की समस्या ग्रामीणों को नहीं होती यह भी माना जा रहा है। देखा जाए तो वर्तमान सरकार के कार्यकाल में बिजली की समस्या को लेकर लगातार खबरें मिलती रहती हैं और यह लगातार देखा जाता रहा है की लोगों के मूलभूत आवश्यकताओं में से एक बिजली की आपूर्ति बेहतर तरीके से हो सके इसको लेकर वर्तमान सरकार गंभीर नहीं है।

**स्थानीय जनप्रतिनिधि भी बिजली की समस्या से निजात दिला पाने में नहीं दिखीं सफल**

बात बिजली समस्या से निजात की हो तो यह देखा जा रहा है की स्थानीय जनप्रतिनिधि जिन्हे जनता ने अपनी बेहतरी के लिए चुना है वह भी बिजली समस्या से लोगों को निजात दिला पाने में सफल नहीं हो सकीं हैं। आए दिन बिजली की समस्या को लेकर खबरें सामने आती रहती हैं और यह देखा जाता रहा है की विपक्ष मामले में संज्ञान लेता है कुछ सत्ताधारी दल के नेता संज्ञान लेते हैं लेकिन जिन्हे जनता ने अपनी सुविधाओं में सुधार और इजाफे के लिए चुना है वह मामले में सफल नहीं नजर आती और उन्हे इस मामले में गंभीर भी नहीं देखा जाता।

**लोगों की मूलभूत सुविधाओं का दें ध्यान तो जनता भी करेगी जनप्रतिनिधि का समर्थन**

जनप्रतिनिधि यदि लोगों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखें तो जनता भी उनका ध्यान रखेगी और चुनाव के दौरान उनका समर्थन करेगी यह सत्य है और यही परंपरा भी है लेकिन जिस तरह वर्तमान में जमगहना के ग्रामीण परेशान हैं उसके अनुसार तो जनप्रतिनिधि का इस ओर ध्यान ही नहीं है और न ही उन्हे इसको लेकर कोई चिंता ही है।

# युवती की हत्या का खुलासा पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



» **युवती का युवक से एकतरफा प्रेम बना युवती के मौत का कारण**

- संवाददाता -
कुसमी,08 जून 2023 (घटती-घटना)।

थाना अंतर्गत भुलसीकला ग्राम के आमरदरहा जंगल में चार दिन पूर्व एक अज्ञात युवती का शव लहुलुहान हालत में जंगल में मिली थी,जिसकी हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है,दरसल इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार जैसे ही पुलिस को घटने की जानकारी मिली तो कुसमी थाने की पुलिस ने जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह अतरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील नायक को अवगत कराया गया जहां वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन पर एसडीओपी रितेश चौधरी थाना प्रभारी सुनील केरकेट्टा पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पहुंचकर शव का देखा शव खुन से लथपथ के साथ शव पत्थर से कुचला हुआ मिला पुलिस ने शव का पहचान भुलसीकला के तेतरटोली निवासी सरस्वती गोड उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई, पुलिस ने विवेचना शुरू की और संदिग्ध लोगो का कॉल डिटेल खघाला और लोगो से पुछताछ भी किया तो मामले में संदिग्ध प्रदीप यादव नाम युवक के बारे पुलिस को पता चला एसडीओपी रितेश चौधरी और कुसमी पुलिस टीम ने संदिग्ध युवक से बारीकी से पूछताछ की तो उसने बताया कि युवती ने उसे 2 जून के दिन अचानक से फोन करके कहा कि तुम शासकीय हाईस्कूल भुलसीकला में पढ़ाई करने के बाद मुझे भुल गए हो मैं तुमसे मिलना चाहती हुं,फिर उसी दिन शाम 7 बजे युवती ने गढ़वा टोली पहाड़ में प्रदीप यादव से मिलने लगती है और मिलकर कहती है की मैं तुम्हे स्कूल के समय से ही बहुत पसंद करती हूं,मुझे तुमसे शादी करनी है मैं तुम्हारे घर रहूंगी तब प्रदीप ने कहा कि मैं तुमसे प्यार नही करता हूं न ही तुमसे शादी करूंगा और न ही अपने घर ले जाऊंगा इतना कहते हुए प्रदीप अपने घर वापस जाने लगा फिर इसके घर के समीप घुकाटोंगरी जंगल के पास युवती उसके पीछे पीछे जबरजस्ती पहुंचकर कहती है मैं तुमको चाहती हूं मुझे तुम्हारे घर में ही रहना है ,फिर 20 वर्षीय प्रदीप के बार बार समझाने मना करने के बाद भी मृतिका नही मानने लगी है तो प्रदीप को कुछ समझ नही आता है की वह क्या करे और गुस्से से आग बबुला हो गया और जंगल में पड़े पत्थर को उठा कर युवती के सिर गर्दन सहित शरीर के अन्य हिस्सों में ताबड़तोड़ वार करने लगा जब युवती खुन से लथपथ होकर जमीन पर गिर गई तब युवक ने पत्थर से उसका सिर कुचल कर अपने घर चल दिया,पुलिस टीम ने चार दिनों की विवेचना उपरांत युवती की हत्या के जुर्म में अमरपुर ग्राम के घुझरिया निवासी प्रदीप यादव के खिलाफ अपराध क्रमांक 31/23 धारा 302 भदवि के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है ,कुसमी पुलिस टीम के चार दिनों की लगातार प्रयास से इस हत्या के मामले का पुलिस प्रदाफास करने में सफलता प्राप्त की,कार्यवाही के दौरान एसडीओपी रितेश चौधरी,थाना प्रभारी सुनील केरकेट्टा, सउनि प्रकाश तिर्की,प्रधान आरक्षक दीपक बड़ा,आरक्षक संजय साहू,चंद्रसाय, मुलधर पैकरा शामिल रहे।गौरतलब है की एसडीओपी रितेश चौधरी ने बताया कि कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत विगत 25 दिनों के भीतर तीन बड़े बड़े अपराध सामने आई थी जिनमे 15 लाख की चोरी , गोविंदपुर अनुरंजन केरकेट्टा हत्याकांड ,सरस्वती गोड की हत्या में पुलिस तत्परता से कार्यवाही करते हुए सफलता अर्जित की है,।

# लखनपुर के मेघावी छात्र की हत्या को लेकर परिजनों सहित भाजपा नेता ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

» **दोषियों पर जल्द कार्यवाही नहीं होने पर किया जाएगा उग्र आंदोलन**

- संवाददाता -
लखनपुर,08 जून 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के लखनपुर के होनहार छात्र की बिलासपुर में निर्मम हत्या कर लाश को सड़क किनारे फेक हत्यारे फरार हो गए। हृदय विदारक घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है वहीं बुधवार को मृत छात्र की स्थानीय मुक्तिधाम में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। इकलौते बेटे की मौत के बाद परिवार सदमे में है। हृदय विदारक घटना को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। मृतक छात्र के पिता राजेश साहू ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। लखनपुर थाना क्षेत्र के केवरी निवासी 19 वर्षीय छात्र यश कुमार साहू पिता राजेश साहू डीएवी स्कूल का होनहार छात्र था। अपने स्कूल के 12वीं प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उनके पिता के द्वारा जुलाई 2022 को यूपीएससी की तैयारी के लिए बिलासपुर भेजा था। प्रतिदिन वहां अपने माता-पिता से फोन के





माध्यम से पढ़ाई सहित अन्य मामलों में चर्चा किया करता था। मंगलवार की सुबह राजेश साहू अपने पुत्र यश साहू को फोन किए। फोन उठाने उपरांत यस साहू ने अपने पिता को बाद में फोन करता हूं कहकर फोन काट दिया। अनहोनी की आशंका की डर से मंगलवार कि शाम को ही बिलासपुर के लिए निकले जहां उन्हें पता चला कि उनकी बेटे की निर्मम हत्या हो गई है।

**मृत छात्र के पिता राजेश साहू**

इस संबंध में मृतक छात्र के पिता राजेश साहू से बात करने पर उनके द्वारा कहा गया कि जुलाई 2022 में यूपीएससी की तैयारी करने बिलासपुर गया हुआ था। प्रतिदिन पिता-पुत्र की फोन के माध्यम से पढ़ाई सहित अन्य मामलों पर बात होती थी । घटना दिनांक को सुबह 11ः00 बजे अपने पुत्र को फोन किया। जिस पर पुत्र ने बाद में फोन करता हूं कहकर फोन काट दिया ऐसा प्रतीत हुआ की यश साहू गहरी निद्रा अवस्था में है। 1 घंटे के बाद अपने पुत्र के पास फोन किया तो मोबाइल सर्विस सेंटर के युवक से बात हुई। दो तीन बार फोन करने उपरांत यश साहू से संपर्क नहीं हो सका जिसके बाद राजेश साहू ने उसके दोस्त और मकान मालिक से फोन से संपर्क कर यश साहू के संबंध में जानने की कोशिश की परंतु कुछ पता नहीं चल सका। शाम को यश साहू की मौत की सूचना मिली। बिलासपुर पहुंचने उपरांत पता चला कि यश साहू की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर सड़क पर लाश फेंका गया था और हत्यारे भाग गए थे। पीड़ित पिता ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से दोषियों पर कड़ी कार्वाई करते हुए फांसी की सजा देने की मांग की है

**भाजपा युवा नेता गोपाल सिन्हा**

भाजपा युवा नेता गोपाल सिन्हा पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे और उन्हें ढाढस बनाया। पीड़ित परिवार के समक्ष भाजपा युवा नेता ने फोन के माध्यम से सिरगिट्टी थाना प्रभारी से इस संबंध में चर्चा करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

**बयान**

वहीं स्थानीय निवासी राकेश साहू में कहा कि बिलासपुर पढ़ाई के लिए गए होनहार छात्र की निर्मम हत्या की गई। इस घटना से पूरे लखनपुर में शोक का माहौल है दोषियों पर जल्द कार्यवाही नहीं होती है तो लखनपुर वासी एकजुट होकर उग्र आंदोलन करेंगे।

# बाल विवाह की सूचना पर पहुँची टीम,सज चुकी थी मण्डप

» **वधु की उम्र महज 16वर्ष - बाल विवाह रोकने के लिए समाज को पहल करने की आवश्यकता**

- संवाददाता -
रामानुजनगर,08 जून 2023 (घटती-घटना)।

जहॉं एक ओर सभी सभी के विवाह की उम्र शासन के द्वारा निर्धारित हैं किंतु वही समाज में आज भी लोगों के द्वारा बेटी को बोझ समझ कर उनका विवाह कम उम्र में ही कर दिया जाता हैं, मामला विकास खण्ड रामानुजनगर के अंतर्गत ग्राम सुरता का हैं जहॉं बाल विवाह होने की सूचना पाकर जिला की टीम,.एव.बा.विकास एवं पुलिस प्रषासन की मौजूदगी में जॉंच करने के लिए सूरता





निवासी मोहम्मद इकबाल के यहॉं पहुची और विवाह के संबंध में जानकारी मांगी तो टीम को जानकारी प्राप्त हुआ कि मोहम्मद इकबाल के द्वारा सामाजिक रिती रिवाज से अपनी पुत्री का विवाह किया जा रहा है इस पर जब टीम के सदस्यों के द्वारा कन्या की उम्र के सत्यापन के लिए जन्मतिथि संबंधित प्रमाण पत्र मांग कर जॉंच किया गया तो कन्या महज 16 वर्ष की था । जिस पर टीम के सदस्यों के द्वारा विवाह नही करने की सलाह देते हुए विवाह को रोक दिया और उन्हे समझाया कि बाल विवाह एक अपराध हैं जिससे आपको कानूनन सजा हो सकती हैं जिस पर उनके परिवार के सदस्यों के द्वारा विवाह न करने का वादा किया गया ।बाल विवाह को रोकने के लिए शासन निरंतर प्रयास कर रही हैं किन्तु इस अभिशाप से मुक्त का उचित मार्ग दिखाई नही देता इसलिए सभी समाज को चाहिए की समाजिक बैठक कर सामाज को यह संदेश प्रसारित करे कि इस प्रकार की विवाह ना कर शासन द्वारा निर्धारित उम्र मे ही बेटी या बेटे का विवाह करें।

# छत्तीसगढ़ के रूपेश मिश्रा ने जीता इंटरनेशनल रेटिंग चैस टूर्नमेंट का खिताबी मुकाबला

» **बिहार को दूसरा, एम पी को चौथा, प बंगाल को पांचवा स्थान मिला**

» **संभागायुक्त संजय अलंग के मुख्य आतिथ्य में इंटरनेशनल रेटिंग चैस टूर्नमिंट का भव्य समापन**

- संवाददाता -
कोरिया बैकुण्ठपुर 08 जून 2023 (घटती-घटना)।

आल इंडिया चैस फैडरेशन एवं छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के मार्गदर्शन में कोरिया जिला शतरंज संघ के बैनर तले आयोजित अंचल के सबसे बड़े चैस टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह 07 जून को बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग के संभागायुक्त श्री संजय कुमार अलङ्ग के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुवा। एसईसीएल के गौतम सदन में आयोजित भव्य समारोह में कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्वलन के साथ हुई। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र






सिंह ने स्वागत उद्बबोधन प्रस्तुत किया । मुख्य अतिथि संजय अलङ्ग ने बेहतरीन खेल के लिए खिलाड़ियों को और एक बेहतरीन आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाईयां दी । अपने उद्बोधन में श्री अलङ्ग ने शतरंज को एकाग्रता और बुद्धिमता का खेल बताते हुए इसके महत्व से खिलाड़ियों को परिचित कराया। इस दौरान मंच पर डिप्टी जी एम सतीश कुमार गुप्ता, व पूर्व प्राचार्य यू एस शुक्ला भी उपस्थित थे । विदित हो कि अंचल के इस सबसे बड़े चैस टूर्नामेंट में 12 राज्यों के 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। 03 जून से आयोजित इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़, राजस्थान, दिल्ली, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश आदि राज्यो के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

पुरस्कार- प्रतियोगिता में प्रथम स्थान छत्तीसगढ़ के रूपेश कुमार मिश्रा तथा दूसरा स्थान श्रेणिक कुमार डाकलिया को प्राप्त हुवा। तीसरे स्थान पर बिहार के सौरभ कुमार तथा चौथे स्थान पर मप्र के कामद मिश्रा थे, जबकि पांचवा स्थान पश्चिम बंगाल के जिओन घोष को प्राप्त हुवा। बेस्ट कोरिया का पुरस्कार मो हसनैन अली को बेस्ट सरगुजा का एवॉर्ड सिद्धार्थ अम्बष्ट को, बेस्ट दिव्यांग प्लेयर का पुरस्कार श्रेयस करकरे को दिया गया । अनरेटेड कटेगरी में अमरदेव पहला और अजय कुमार गुप्ता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 1200 प्वाइंट केटेगरी में विश्वजीत दास को विनर जबकि हरिकृष्ण रेड्डी को रनर घोषित किया गया । इसी प्रकार बिलो 1400 प्वाइंट केटेगरी में लोकेश पांडे प्रथम व राशिद रसीद दूसरे स्थान पर थे। श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार धारिणी साहू को दिया गया। अंडर 07 एज ग्रुप में मोहनीश उइके ने पहला, अनिका गुप्ता ने दूसरा, अंडर 09 एज केटेगरी में सूचित मंडल प्रथम व आकाश मिंज दूसरे स्थान पर थे, इसी प्रकार अंडर 11 केटेगरी में अदिति आदित्य प्रथम व हर्षित गुप्ता ने दूसरा स्थान एवं अंडर 13 एज ग्रुप में कन्नौज आलोक को पहला और पहेली मिदया को दूसरा स्थान प्राप्त हुवा । कार्यक्रम के दौरान 07 ऑर्बिटर एवं कार्यक्रम के सहयोगियों को भी मंच से सम्मानित किया गया। पांच दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का आयोजन कोरिया जिला शतरंज संघ ने किया था। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य भूमिका राजेन्द्र सिंह, दीपांकर सेन गुप्त, अब्दुल शमीम, डॉ विजय कुमार, आशीष गुप्ता, रूप नारायण पांडेय, संवर्त कुमार, साहेब सिंह काकू, शिवहरि, जयप्रकाश गुप्ता, आयुष नामदेव आदि की थी।

# भूपेश सरकार है ठगेश सरकार जो कहा उसका उल्टा किया : सांसद सरोज पांडेय

- संवाददाता -
कोरबा,08 जून 2023 (घटती-घटना)।

केंद्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न आयोजनों के माध्यम से भाजपा जन जन तक सरकार की उपलब्धि और योजनाओं को पहुचा रही है इसी कड़ी में रामपुर विधानसभा क्षेत्र के धनीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल में विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें भरतीय जनता पार्टी विधानसभा रामपुर के पांचों मंडल बरपाली, कुदमुरा, उरगा, करतला, गढ़ उपरोड़ा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सर्वप्रथम टिकेश्वर राठिया द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया जिसके पश्चात लोकसभा प्रभारी जोगेश लाम्बा द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाते हुए कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह भरा गया साथ ही प्रदेश की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प दिलाया गया द्व केंद्र के नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 30 मई से 30 जून तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के योजना बनाकर कार्यों का विभक्तिकरण किया गया। विधायक ननकी राम ने



अपने उद्बोधन में जन जन तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्यो के बारे में कार्यकर्ताओ को जानकारी दिया गया। राज्य सभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय द्वारा उद्बोधन में कहा भूपेश सरकार ठगेश सरकार है द्व उन्होंने कहा के भूपेश सरकार ऐसी सरकार है जो कहा उसका उल्टा किया द्व घोषणा पत्र मे पेंशन 1000 की बात कही और 500 दिया।कार्यक्रम के आखिर में मंडल अध्यक्ष बरपाली प्रदिप पटेल द्वारा आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से लखन देवांगन प्रदेश उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिह, जिला संगठन सह प्रभारी गोपाल साहू, विधानसभा संयोजक और जिला महामंत्री टिकेश्वर राठिया, जिला कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, जिला उपाध्यक्ष आलोक सिह, प्रदेश सदस्य आईटी सेल लक्की नन्दा, जिला संयोजक आईटी सेल अजय चंद्रा, वैशाली रत्नपारखी, मंडल प्रभारी पंकज सोनी, अध्यक्ष नटवर शर्मा, प्रदीप पटेल, कुल सिह, लक्ष्मी श्रीवास, प्रवीण उपाध्याय, रेणुका राठिया, रवि साहू, किशन साव, धनजय चौहान, रंजू यादव, संजु वैष्णव, त्रिभुवन प्रजापति, एवं पदाधिकारी कार्यकर्ता बन्धु भारी संख्या मे उपस्थित रहे।

# हाथियों के विचरण को लेकर गांवों में अलर्ट जारी,ग्रामीणों में दहशत

- संवाददाता -
कोरबा,08 जून 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले के जंगलों में हाथी के विचरण ने लोगों में दहशत बढ़ा दिया है। हाथियों के विचरण को देखते हुए वन विभाग अलर्ट मोड पर है। ग्रामीणों को जंगल की ओर न जाने मुनादी कराई जा रही है। हाथियों के द्वारा लगातार उत्पात मचाने से ग्रामीणों को आर्थिक चपत लग रही है। वन मंडल कोरबा के पसरखेत रेंज में 15 दिनों से अधिक समय तक रुकने के बाद 41 हाथियों का झुंड अब वापस धरमजयगढ़ वन मंडल की ओर लौटने लगा है। बुधवार को हाथी कुदमुरा रेंज के जिल्गा के पास सरनीडेरा दादरपारा के पास जंगल



में घूम रहे थे। वन विभाग ने आसपास के 07 गांवों में अलर्ट जारी कर दिया है। साथ ही ऑटोमेटिक सायरन भी गांवों में अब बजने लगे हैं।हाथियों के झुंड में बच्चे होने की वजह से एक ही स्थान पर अधिक समय गुजार रहे हैं। अलग-अलग झुंड में घूम रहे हाथी अब एक हो गए हैं। हाथियों ने ग्राम कोल्गा के नाला किनारे लगाए गए धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। हाथियों का एक और झुंड पहले से ही कुदमुरा रेंज में घूम रहा था। हाथियों ने इस बार फसल के अलावा मकानों को नुकसान नहीं पहुंचाया इससे वन विभाग ने राहत की सांस ली है। मांड नदी गांव के आगे है। इसकी सीमा धरमजयगढ़ वन मंडल से लगा हुआ है। उधर कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज में घूम रहा 13 हाथियों का झुंड लालपुर के जंगल में है। यहां से हाथी कोरिया की ओर आवाजाही करते हैं। लेकिन लंबे समय से केंदई में ही घूम रहे हैं।

# जल्के सर्किल के जंगल में अवैध उत्खनन मामले में डिप्टी रेंजर व बीट गार्ड को थमाया गया नोटिस

- संवाददाता -
कोरबा,08 जून 2023 (घटती-घटना)।

जिले के कटघोरा वन मंडल के पसान परिक्षेत्र अंतर्गत जलके सर्किल के बीजाडांड जंगल में कोयले का अवैध उत्खनन व तस्करी के मामले में बीटगार्ड व डिप्टी रेंजर को कारण बताओं नोटिस जारी कर दिया है साथ ही उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए सीसीएफ को पत्र भी लिखा गया है। कटघोरा वन मंडल




डीएफओ प्रेमलता यादव द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस में उन्होंने इसका जवाब दो दिनों के भीतर देने को कहा है। वनमंडलाधिकारी के मुताबिक मामला काफी गंभीर है। इस मामले में मैदानी अमले की मिली भगत व लापरवाही सामने आयी है क्योंकि जंगल में काफी दिनों से कोयला उत्खनन का गोरख धंधा चल रहा था और मैदानी अमले को इसकी भनक तक न लगना ऐसा संभव नहीं है। मैदानी अमला की मिलीभगत मामले में बीटगार्ड अरूण राजपूत व डिप्टी रेंजर उज्जैन सिंह पैकरा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं संबंधित क्षेत्रों में ड्रोन भेजकर यह पता लगाया जाएगा कि कहीं जंगल के भीतर अन्य स्थान पर भी ऐसा अवैध काम तो नहीं हो रहा । ज्ञात हो की विगत दिन वन विभाग की टीम द्वारा छापा मारकर बीजाडांड जंगल के कक्ष क्रमांक 198 से 620 बोरी कोयला जब्त किया गया था ।



# विप्र समाज द्वारा निर्मित शिव परशुराम मन्दिर का आज तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन

- संवाददाता -
सूरजपुर,08 जून 2023 (घटती-घटना)।

विप्र समाज द्वारा निर्मित शिव परशुराम मन्दिर का आज तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन हो गया।इस बीच सुबह से भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती,श्री गणेश जी व भगवान परशुराम जी की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस दौरान तमाम समाज के लोग मौजूद रहे।पूजा पाठ ,हवन,आरती के बाद प्रसाद वितरण व भण्डारे का आयोजन किया गया जो पूरे दिन चलता रहा।इस दौरान भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। नमदगिरी रिंग रोड में बने परशुराम भवन व शिव परशुराम मन्दिर में 31 आचार्यो द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कराया गया।इसे लेकर विप्र समाज के लोगो मे खासा उत्साह रहा।इस समूचे कार्यक्रम को मुकाम तक पहुचाने में विप्र समाज के वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में युवा टीम की सक्रिय भागीदारी रही।समाज की महिलाओं ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। बुधवार को रतजगा में पूरी रात भजन कीर्तन चलता रहा जिसमे भजनों की वर्षा में श्रद्धालु झूमते रहे। गुरुवार को समापन अवसर पर भी रात्रिकालीन भजन का आयोजन किया गया।





# पदीय दायित्वों का उचित निर्वहन नहीं करने पर रोजगार सहायक को किया गया पद से पृथक

- संवाददाता -
बलरामपुर,08 जून 2023 (घटती-घटना)।

जनपद पंचायत बलरामपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री के. के. जायसवाल ने जानकारी दी है कि ग्राम पंचायत संतोषीनगर के ग्राम रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ श्री उदय सिंह को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कार्यों में रूची नही लेने, वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों/निर्देशों की अवहेलना करने तथा अपने पदीय दायित्वों का उचित निर्वहन नहीं करने पर पद से पृथक कर दिया गया है।

# आयुक्त कार्यालय में सरगुजा संभागायुक्त के विदाई समारोह का आयोजन

» आम जन की मदद करते हुए ईमानदारी व लगन के साथ करें काम- डॉ अलंग

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,08 जून 2023 (घटती-घटना)।

संभागायुक्त कार्यालय में गुरुवार को सरगुजा संभागायुक्त डॉ संजय अलंग के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया। इस मौके पर आयुक्त कार्यालय के सभी कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित थे।

विदाई समारोह में संभागायुक्त डॉ अलंग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने कार्यकाल के विभिन्न पलों को याद किया। उन्होंने कहा कि संभागीय कार्यों में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का पूरा सहयोग रहा। सभी ने पूरी ईमानदारी से अपना काम किया। आगे भी सभी अपना काम पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करें। सरकार की योजनाओं को जनता के बीच पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। जिससे उनको लाभ मिल सके उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाले किसी भी परिवादी को कोई परेशानी ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

इस दौरान संभागायुक्त पद पर दस महीने का कार्यकाल को पूरा करने पर डॉ संजय अलंग ने सभी को धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि डॉ संजय अलंग अब रायपुर संभाग के संभागायुक्त होंगे।

# चयनित विद्यार्थियों का बनेगा निःशुल्क चिकित्सा प्रमाण-पत्र

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 08 जून 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर के निर्देशानुसार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में सत्र 2023-24 में प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों को निःशुल्क चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाएगा।

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया है कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में सत्र 2023-24 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने वाली है। जिसमें विद्यार्थियों को चिकित्सा प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। चयनित विद्यार्थियों को निःशुल्क चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाएगा। उक्त विद्यालय में चयन परीक्षा के माध्यम से प्रतिभावान कमजोर एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों का प्रवेश होता है।

# खड़गवां मुख्यालय में विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीण तरस रहे हैं बूंद-बूंद पीने के पानी के लिए

- राजेन्द्र शर्मा -
खड़गवां,08 जून 2023 (घटती-घटना)।

खड़गवां विकास खंड मुख्यालय में जनपद पंचायत तहसील कार्यालय बैंक आदि में आये ग्रामीण बूंद बूंद पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं बस स्टैंड एवं बैंक के सामने लगे हैंडपंप पिछले महीने से ख़राब होने के कारण दूरदराज से आए यात्री एवं ग्रामीण इस भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए भटकते नजर आ रहे हैं। इस चिलचिलाती गर्मी में बूंद बूंद पीने के पानी के लिए लोग तरस रहे हैं।





इधर प्रदेश सरकार ने पानी की किल्लत को दूर करने के लिए सरकार की ओर से नल से जल योजना शुरू की गई है, लेकिन गर्मी का मौसम शुरू होते ही खड़गवां मुख्यालय में पीने के पानी के लिए हाहाकार मच हुआ है। इस भीषण गर्मी में खड़गवां मुख्यालय के कई मोहल्लों में पीने के पानी के लिए लोगों को भारी मुश्किलों से जूझना पड़ रहा है।

खड़गवां मुख्यालय में पीने के पानी की समस्या सता पक्ष के जनप्रतिनिधियों एवं विपक्ष को दिखाई नहीं दे रहा है कि खड़गवां मुख्यालय के ह्रदय स्थल पर एवं कई मोहल्लों में पीने के पानी के लिए लोगो को कितनी जद्दोजहद करनी पड़ रही है जनप्रतिनिधियों को सिर्फ अपना दीवालों पर ज्यादा से ज्यादा प्रचार हो जाए ये दिखाई दे रहा है किसी भी जनप्रतिनिधि को इस भीषण गर्मी में पीने का पानी ग्रामीण जनता को प्राप्त हो रहा है कि नहीं उन्हें समस्या से कोई लेना देना नहीं है।

ग्राम पंचायतों में लाक डाउन के समय खड़गवां मुख्यालय में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा टैंकर भी प्रदाय किए गए थे उनका भी कोई पता नहीं कहां चले गए उसी से मोहल्लों में पीने का पानी वितरण किया जा सकता था मगर ग्रामीण जनता की समस्या को सुनने वाला कोई नहीं है?

# तहसीलदार द्वारा भू आवंटित कृषि भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य की जांच की मांग

- संवाददाता -
खडगवा,08 जून 2023 (घटती-घटना)।

खडगवा तहसील मुख्यालय के राजस्व निरीक्षक क्षेत्र में भू-माफियाओं की सक्रियता को देखते हुए खड़गवां तहसीलदार ने खबरों को संज्ञान में लेते हुए भू आवंटित कृषि भूमि पर हो रहे व्यावसायिक भवन के निर्माण कार्य की जांच करने के लिए राजस्व निरीक्षक खड़गवां से भू आवंटित कृषि भूमि का जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश जारी कर जांच रिपोर्ट के पश्चात भू आवंटित कृषि भूमि पर बिना किसी के अनुमति के व्यावसायिक भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। भवन निर्माण कार्य खसरा नंबर 428/3 के भाग पर किया जा रहा है जबकि पूर्व खातेदार को खसरा नंबर 428 था जो वर्तमान में पांच खातेदारों के नाम पर अंकित है जो पूर्व में खातेदार के पिता को मध्य प्रदेश सरकार के समय भू आवंटित कृषि भूमि के प्रयोजन के तहत जीविकापार्जन के लिए प्रदाय किया गया था बीस सूत्रीय के तहत भूमिहीन किसानों को उनके जीविकापार्जन के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने बीस सूत्रीय के तहत भूमि -- आवंटित किया गया था।

1. इस भूमि के आवंटित पटे में स्पष्ट निर्देश भी लिखे गए हैं कि पट्टेदार को उक्त भूमि का उपयोग केवल कृषि प्रयोजनों के लिए ही करेगा वह उक्त भूमि या उसके किसी भाग का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं करेगा?

2.पटेदार उक्त भूमि या उसके किसी भाग पर स्थायी स्वरूप की कोई संरचना खडी नहीं करेगा किन्तु वह कृषि प्रयोजनों के लिए अस्थायी शेड का निर्माण कर सकेगा?

3.पटेदार भूमि में अपने अधिकार या उसके किसी भाग को बिक्री भेंट बंधक उप - पट्ठा या अन्य प्रकार से अंतरित नहीं करेगा और ऐसी प्रत्येक बिक्री भेंट बंधक उप - - पट्ठा या अन्य प्रकार से किया गया अंतरण निष्प्रभावी होंगा? उसके बाद भी उक्त भूमि पर धड़ल्ले से राजस्व विभाग के अधिकारियों के सामने शासन प्रशासन के बिना अनुमति के धड़ल्ले से कृषि भूमि पर व्यावसायिक भवन तैयार किया जा रहा है जबकि उक्त भूमि पर व्यावसायिक भवन निर्माण पूर्णतः भूमि प्रतिबंधित है?

सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि वर्तमान खातेदार के द्वारा भू आवंटित कृषि भूमि को खड़गवां निवासी से खरीदी बिक्री किया गया है वो भी वाहन के किस्त के बदले और उक्त भू -- आवंटित कृषि भूमि पर उक्त व्यक्ति के द्वारा खातेदार का नाम राजस्व निरीक्षक को बताकर व्यावसायिक भवन धड़ल्ले से निर्माण कार्य किया जा रहा है।

ये भू - माफिया भू -- आवंटित कृषि भूमि पर व्यावसायिक भवन का निर्माण कार्य कृषक का होना बताकर भू--आवंटित भूमि पर मकान निर्माण कर रहे हैं भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद इस भवन पर अपना कब्जा दिखा रहे है ऐसा खेल खड़गवां में जोर पर चल रहा है। और गरीब किसानों की भूमि में भू माफिया इस तरह के खेल कर कब्जा कर रहे

इस संबंध में राजस्व निरीक्षक से जानकारी प्राप्त करने पर उन्होंने कहा कि भवन तो खातेदार की कृषि भूमि पर व्यावसायिक भवन निर्माण हो रहा है वो भूमि खातेदार के पिता को भू--आवंटित मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा प्रदान किया गया था इस भवन निर्माण कार्य की शासन प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली गई है?

**वीरसाय**
**राजस्व निरीक्षक खड़गवां**

इस संबंध में खड़गवां तहसीलदार से प्राप्त जानकारी के द्वारा भू आवंटित कृषि भूमि पर भवन निर्माण कार्य को संज्ञान लिया गया है इस लेकर तत्काल जांच कर कार्रवाई की जाएगी ।

**सुधीर खलखो**
**तहसीलदार खड़गवां**

# जन समस्या शिविर में उपस्थित ग्रामीणों ने धूल डस्ट से निजात पाने के लिए किया चक्का जाम



- संवाददाता -
राजपुर,08 जून 2023 (घटती-घटना)।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चंद्रगढ़ में क्रेशर से गिट्टी लोड कर प्रधानमंत्री सड़क का सीना चीर धड़े से धूल उड़ाते चल रहे हैं हाईवा ट्रेलर द्य क्रेशर से लेकर बीच बस्ती होते हुए हुए एनएच 343 तक बेखौफ होकर दिन रात दौड़ने से उक्त सड़क किनारे रहने वाले ग्रामीण परिवारों का जीना मुहाल हो गया था द्य जिस पर ग्रामीणों के द्वारा पंचायत बैठक कर किया चक्का जाम यह बताना लाजमी होगा कि इसकी शिकायत सरपंच व ग्रामीणों द्वारा 1 वर्ष पूर्व से एसडीएम तहसीलदार थाने तक को दी गई थी द्य ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि रसूखदार क्रेशर संचालक के आगे विभाग व एसडीएम तहसीलदार थाना भी लाचार नजर आ रहे हैं ऐसा कहना इसलिए लाजमी है कि क्रेशर संचालक की ऊंची पहुंच और प्रभावशाली होने के कारण उप शिकायत पर अधिकारी द्वारा आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई द्य इससे क्षुब्ध होकर ग्रामीणों ने दिनांक 7 जून 2023 को शासन के निर्देश पर ग्राम पंचायतों पर चलाए जा रहे जन समस्या शिविर पर बैठक कर एक प्रस्ताव पारित कर लोड अन लोड ट्रक हाईवा ट्रेलर को रुकवा कर चक्का जाम किया गया द्य

साथ ही ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि अब उक्त सड़क पर 12 टन से अधिक वजन दार गाड़ी को उक्त रोड पर नहीं चलने दिया जाएगा और उनके द्वारा यह कहा गया कि जब तक विभाग हमारी बातों को लेकर नवीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क बनवाने की बात कही गई द्य उक्त चक्का जाम में सरपंच अलबीनूस लकरा सचिव रामचंद्र यादव पटेल अमर साए वार्ड पंच परसोत्तम कश्यप विजय चौसठ व अन्य पंच गण के साथ भारी संख्या में महिला पुरुष ग्राम वासियों उपस्थिति रही।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202305020700124**

**विषयः- ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2022-2023**

**नमनाकला प.ह.न. 00020(हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार- प्रफुल्ला मिंज,**
**अनावेदक पक्षकार- छ0ग0 शासन**

**इश्तहार**

आवेदक प्रफुल्ला मिंज पत्नी ईश्वर दत्त मिंज, निवासी नमनाकला, पटपरिया, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा कलेक्टर सरगुजा के समक्ष में प्रस्तुत आवेदन अनुविभागीय अधिकारी, अम्बिकापुर के माध्यम से जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदिका की भूमि ग्राम नमनाकला स्थित पंजीबद्ध विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय की गई भूमि खसरा नंबर 157/327 रकबा 0.121 हे0 राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश खसरा नबंर 157/327 रकबा 0.121 हे0 के स्थान परं खसरा नंबर 157/327 रकबा 0.012 हे0 दर्ज हो गया है। आवेदिका के द्वारा राजस्व अभिलेखों में हुए उक्त त्रटि को सुधार किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16/06/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/05/2023 को जारी किया जाता है।

सील

भूषण सिंह मंडावी
तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)

# क्यों नहीं जारी हो पा रहा वर्ल्ड कप का शेड्यूल

**एलार्डिस का बयान एक बार फिर से देरी का संकेत दे रहा है...भारत इस साल अक्टूबर-नवंबर में 50 ओवर के विश्व कप की मेजबानी करेगा,लेकिन कार्यक्रम और स्थानों पर अभी तक कोई आधिकारिक अपडेट नहीं आया...**

**लंदन,08 जून 2023।** आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप 2023 का आयोजन भारत में होना है। इसके लिए तैयारियां भी की जा रही हैं। हालांकि, अब तक इसका शेड्यूल जारी नहीं हुआ है। इस सब के बीच इसको लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के प्रमुख ज्योफ एलार्डिस ने खुलासा किया कि आईसीसी जल्द से जल्द एकदिवसीय विश्व कप 2023 के लिए शेड्यूल प्रकाशित करेगा, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि उन्हें अभी तक मेजबान देश भारत से शेड्यूल प्राप्त नहीं हुआ है।

क्यों हो रही देरी

माना जा रहा है कि पाकिस्तान की वजह से इसमें देरी हो रही है। पाकिस्तान के साथ अभी एशिया कप को लेकर विवाद चल रहा है। हालांकि, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने पहले पुष्टि की थी कि शेड्यूल जारी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल (7 जून से 11 जून) के दौरान जारी किया जाएगा। लेकिन अब एलार्डिस का बयान एक बार फिर से देरी का संकेत दे रहा है। भारत इस साल अक्टूबर-नवंबर में 50 ओवर के विश्व कप की मेजबानी करेगा, लेकिन कार्यक्रम और स्थानों पर अभी तक कोई आधिकारिक अपडेट नहीं आया है।

### अगर ऐसा हुआ तो टीम इंडिया में होंगे बड़े बदलाव, शुभमन गिल होंगे कप्तान,इन खिलाड़ियों को मिलेगा मौका



एशिया कप 2023 को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बड़ा सवाल यही है कि एशिया कप कहां होगा और अगर हुआ भी तो पाकिस्तान इसमें शामिल होगा या नहीं होगा। इन सबके बीच खबर यह आई है कि पाकिस्तान के बिना ही एशिया कप को अब कराने की तैयारी है। इसके लिए श्रीलंका में तैयारियां भी शुरू हो चुकी है। लेकिन अगर पाकिस्तान की टीम एशिया कप में शामिल नहीं होती है तो ऐसे में भारतीय टीम में भी बड़ा बदलाव दिखेगा।

### यह हो सकता है बदलाव

दरअसल, पाकिस्तान की टीम मजबूत टीम मानी जाती है। लेकिन एशिया कप में शामिल नहीं होती है तो बाकी की टीमें कमजोर है। चाहे वह बांग्लादेश हो या श्रीलंका या फिर अफगानिस्तान। ऐसे में भारतीय सीनियर खिलाड़ियों को एशिया कप में आराम दिया जा सकता है और नए खिलाड़ियों को टीम में मौका दिया जाएगा। इसे हम टीम इंडिया का बी टीम भी कह सकते हैं। फिलहाल इस खबर पर मुहर तो नहीं लगी है लेकिन माना जा रहा है सबकुछ पाकिस्तान पर निर्भर करता है।

### ऐसी हो सकती है टीम इंडिया

खबरों के मुताबिक अगर टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ियों को एशिया कप के लिए आराम दिया जाता है तो इसमें नए खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। हाल में शानदार फॉर्म दिखाने वाले शुभमन गिल को बड़ा इनाम मिल सकता है और उन्हें कप्तानी की भूमिका सौंपी जा सकती है। इसके अलावा यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड, रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा, आकाश मधवाल और यश ठाकुर जैसे आईपीएल स्टार को भी इस टीम में मौका दिया जा सकता है। 2023 के एकदिवसीय विश्व कप से पहले टीम इंडिया में नए खिलाड़ियों को लेकर यह एक ट्रायल भी हो सकता है। एशिया कप भी इस बार एकदिवसीय प्रारूप में ही खेला जाना है।

# टी 20 वर्ल्ड कप 2024 की मेजबानी करना चाहता है अमेरिका

» **अब एमएलसी के सफल आयोजन पर टिकाई नजरें**



**बेंगलुरू,08 जून 2023।** अमेरिका क्रिकेट (यूएसएसी) ने कहा कि देश में उचित क्रिकेट बुनियादी ढांचे की कमी से जुड़ी चिंताओं के कारण उनसे टी20 विश्व कप 2024 की मेजबानी नहीं छीनी जाएगी। उन्होंने साथ ही कहा कि मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के सफल आयोजन से सभी संदेह दूर हो जाएंगे। इस तरह की खबरें हैं कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) इस शीर्ष टूर्नामेंट को वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी की जगह अगले साल इंग्लैंड में स्थानांतरित कर सकता है।

यूएसएसी के एक अधिकारी ने हालांकि कहा कि उन्हें वैश्विक संस्था से स्थल स्थानांतरित करने को लेकर कोई सूचना नहीं मिली है। अमेरिका क्रिकेट के एक प्रशासक ने पीटीआई से कहा, ''इस संबंध में हमारी आईसीसी के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है। एक साल बाद होने वाले टी20 विश्व कप के लिए जरूरी बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं।'' अधिकारी ने कहा, ''अस्थाई आयोजन स्थल आदि को लेकर चिंता स्वाभाविक है क्योंकि अमेरिका नियमित रूप से क्रिकेट प्रतियोगिताओं की मेजबानी नहीं करता लेकिन हम मेजर लीग क्रिकेट का आयोजन करने वाले हैं और इस टी20 टूर्नामेंट की सफल मेजबानी काफी चिंताओं को दूर कर देगी।'' पहला एमएलसी टी20 टूर्नामेंट 13 से 30 जुलाई तक खेला जाएगा। टूर्नामेंट में छह टीम हिस्सा लेंगी और इसके मुकाबले टेक्सास के ग्रैंड प्रेरी स्टेडियम में होंगे। इंग्लैंड के जेसन रॉय, ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा, मैथ्यू वेड, मार्कस स्टोइनिस और मोइजेस हेनरिक्स सहित दुनिया भर के कई बड़े क्रिकेटरों ने एमएलसी टी20 से करार किया है। आईसीसी ने भी हालांकि वेस्टइंडीज और अमेरिका से टी20 विश्व कप को स्थानांतरित करने की खबरों को अधिक तवज्जो नहीं दी। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने पीटीआई से कहा, ''टी20 विश्व कप 2024 को वेस्टइंडीज और अमेरिका से स्थानांतरित करने को लेकर आईसीसी के किसी भी मंच पर कोई चर्चा नहीं हुई।'' अधिकारी ने कहा, ''इसका (टूर्नामेंट) पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजन होगा और जल्द ही आयोजन स्थलों को लेकर घोषणा की जाएगी।''

भारतीय क्रिकेट टीम ने फ्लोरिडा के लॉडरहिल के सेंट्रल ब्रोवार्ड पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ कुछ अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। आईसीसी की स्थल निरीक्षण टीम ने प्रतियोगिता के संभावित स्थल के रूप में ओकलैंड, फ्लोरिडा और लॉस एंजिलिस जैसे शहरों का दौरा किया है। माना जा रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले का आयोजन वेस्टइंडीज की जगह अमेरिका में किया जाएगा क्योंकि यहां दोनों टीमों के काफी समर्थक हैं। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला आईसीसी टूर्नामेंट के सबसे बड़े मुकाबलों में से एक होता है।

# चीनी ताइपै को 11.0 से हराकर भारत सेमीफाइनल में

**काकामिगाहारा,08 जून 2023।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चीनी ताइपै को आखिरी पूल मैच में 11 . 0 से हराकर एशिया कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ पूल ए में भारत शीर्ष पर बरकरार है। भारत टूर्नामेंट में तीन जीत और एक ड्रॉ खेलकर अपराजेय रहा। भारत के लिये वैष्णवी विठ्ठल फाल्के (पहला मिनट), दीपिका (तीसरा), अन्नु (10वां और 52वां), रूतुजा दादोसा पिसल (12वां), नीलम (19वां) मंजू चौरसिया(33वां) , सुनेलिता टोप्पो (43वां और 57वां) , दीपिका सोरेंग (46वां) और मुमताज खान (55वां) ने गोल दागे। भारतीयोंने पहले ही मिनट से अपना दबदबा बना लिया और लगातार गोल करते रहे।



वैष्णवी ने पहला फील्ड गोल किया जिसके बाद दीपिका ने पेनल्टी को तब्दील किया। अन्नु और रूतुजा ने दो दो गोल दागे। भारत के पास पहले क्वार्टर में ही चार गोल की बढत हो गई। दूसरे क्वार्टर में नीलम ने गोल किया। तीसरे क्वार्टर में मंजू और टोप्पो ने गोल दागे जबकि आखिरी क्वार्टर में दीपिका, अन्नु, मुमताज और टोप्पो ने एक एक गोल किया। भारत का सामना शनिवार को सेमीफाइनल में जापान या कजाखस्तान से होगा।

# जामिया के लुकमान अली ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली,08 जून 2023।** जामिया मिलिया इस्लामिया के मास्टर ऑफ सोशल वर्क के कार्यक्रम के प्रथम वर्ष के छात्र मो. लुकमान अली ने कुश्ती में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कांस्य पदक जीता है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 200 से अधिक विश्वविद्यालयों ने भाग लिया, जो भारत सरकार की खेलो इंडिया पहल का एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना और देश भर से युवा प्रतिभाओं की पहचान करना है।



लुकमान ने गुरुवार को जामिया की कुलपति प्रो. नजमा अख्तर (पद्मश्री) से उनके कार्यालय में प्रो. वसीम अहमद खान, निदेशक (खेल) और अन्य अधिकारियों के साथ मुलाकात की कुलपति ने लुकमान को इस महान उपलब्धि के लिए बधाई दी और उन्हें अपनी तरफ से 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया।

जेएमआई के खेल निदेशक प्रो वसीम अहमद खान ने कहा कि लुकमान को विश्वविद्यालय की खेल समिति में शामिल करने एवं नकद पुरस्कार के साथ सम्मानित करने के लिए सिफारिश की जाएगी। लुकमान इससे पहले भी कई पुरस्कार जीत कर जामिया का नाम रौशन कर चुके हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय जू जित्सु चैंपियनशिप-2023 में स्वर्ण पदक, ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक, भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा नंदनी नगर, उत्तर प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिपमें रजत पदक जीता है।

इसके अलावा लुकमान ने नवंबर 2022 में बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित एशिया जू जित्सु चैंपियनशिप के 7वें संस्करण में भी भाग लिया और पांचवें स्थान पर रहे। जेएमआई ने इस साल के खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में बास्केटबॉल और लॉन टेनिस (महिला वर्ग) में भी भाग लिया था और बास्केटबॉल टीम ने चौथा स्थान हासिल किया।

# इंडिया एफआईएच प्रो लीग में नीदरलैंड से 1-4 से हारा

**आइंडहोवन,08 जून 2023।** भारत शुरुआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रहा और उसे एफआईएच हॉकी प्रो लीग के मैच में मेजबान नीदरलैंड से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की तरफ से एकमात्र गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 11वें मिनट में किया। भारत को मैच में पांच पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला। बुधवार की रात को खेले गए इस मैच में नीदरलैंड की तरफ से पेपिजन रेयेंगा (17वें), बोरिस बुर्कहार्ट (40वें) और डुको टेलजेनकैंप (41वें और 58वें) ने गोल किए। ब्रिटेन में लगातार दो मैच जीत कर यहां पहुंची भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर में ही बढ़त हासिल कर ली थी। भारत को 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला। जब भारतीय टीम ने पेनल्टी कॉर्नर लिया तो नीदरलैंड के रक्षकों ने जानबूझकर फॉउल किया जिससे भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिल गया। हरमनप्रीत ने इसे गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। इससे इस सत्र में उनके कुल गोल की संख्या 17 पहुंच गई है। घरेलू दर्शकों के अपार समर्थन के बीच नीदरलैंड की टीम ने पेपिजन रेयेंगा के गोल से बराबरी करके शानदार वापसी की। इससे भारतीय टीम बैकफुट पर पहुंच गई जबकि नीदरलैंड ने अधिकतर समय गेंद को अपने नियंत्रण में रखा। नीदरलैंड को दूसरा क्वार्टर समाप्त होने से कुछ सेकंड पहले पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन अमित रोहिदास के शानदार प्रयास भारत ने इसे बचा दिया। नीदरलैंड ने इसके बाद ही अपना दबदबा बनाए रखा और आक्रामक खेल दिखाया। उसे तीसरे क्वार्टर के शुरू में ही गोल करने का मौका मिला था लेकिन भारतीय गोलकीपर कृष्ण पाठक ने शानदार बचाव किया। भारत ने 35वें मिनट में दाएं छोर से हमला किया लेकिन गुरजंत सिंह गोल करने में नाकाम रहे।

# वैंकूवर व्हाईटकैप्स फुटबॉल क्लब को कनाडा के चैंपियन के रूप में ताज पहनाया गया

**वैंकूवर ,08 जून 2023।** गुरुवार को वैंकूवर व्हाइटकैप्स फुटबॉल टीम ने बीसी प्लेस स्टेडियम में सीएफ मॉन्ट्रियल को 2-1 से हराया। वैंकूवर व्हॉट्सएप ने अपना दूसरा वॉयजर्स कप हासिल किया। स्पष्ट करने के लिए, वॉयजर्स कप कनाडा में पेशेवर फुटबॉल के लिए घरेलू ट्रॉफी है, जो देश के सर्वश्रेष्ठ पुरुषों और महिलाओं के क्लबों को प्रदान की जाती है।





क्लब के इतिहास में पहली बार, व्हॉट्सएप ने बैक-टू-बैक वॉयजर्स कप पर कब्जा किया है।

मॉन्ट्रियल पर जीत के बाद, वैंकूवर व्हॉट्सएप 2024 कॉन्साकाफ चैंपियंस कप के लिए क्वालीफाई करने वाला पहला मेजर लीग सॉकर क्लब बन गया।

मैच का पहला हाफ 0-0 से बराबरी पर छूटा।

दूसरे हाफ में वैंकूवर व्हाइटकैप्स के ब्रायन व्हाइट ने मैच के 57वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को एक गोल की बढ़त दिला दी।

बाद में 65वें मिनट में रेयान गॉल्ड ने पेनल्टी स्पॉट से गोल कर वैंकूवर व्हाइटकैप की बढ़त को 2-0 कर दिया।

मैच के 83वें मिनट में सीएफ मॉन्ट्रियल के सुनुसी इब्राहिम ने अपनी टीम के लिए सांत्वना गोल किया।

मैच का अंतिम स्कोर 2-1 था, वैंकूवर व्हॉट्सएप ने लगातार दूसरी कनाडाई चैम्पियनशिप जीती।

वैंकूवर व्हॉट्सएप ने 20 शॉट लिए जिनमें से केवल नौ निशाने पर थे। खेल के दौरान गेंद पर उनका कब्जा 48 प्रतिशत था। उन्होंने 76 प्रतिशत की सटीकता के साथ कुल 427 पास पूरे किए।

सीएफ मॉन्ट्रियल ने नौ शॉट लिए जिनमें से पांच निशाने पर थे। मैच के दौरान गेंद पर उनका कब्जा 52 प्रतिशत था उन्होंने 80 प्रतिशत की सटीकता के साथ कुल 458 पास जमा किए।

# 'द नाइट मैनेजर सीजन 2' के जरिए धमाल मचाने को तैयार हैं अनिल कपूर

अनिल कपूर स्टारर वेब सीरीज द नाइट मैनेजर का पहला सीजन हिट रहा था। डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई इस सीरीज पर दर्शकों ने जमकर प्यार लुटाया था। साथ ही फैन्स को सीरीज के दूसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार था। अब दर्शकों का इंतजार समाप्त हो गया है।

अनिल कपूर ने अपनी सीरीज के दूसरे सीजन के रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर स्टारर सीरीज 'द नाइट मैनेजर सीजन 2' अब 30 जून को रिलीज कर दिया जाएगा। इसको लेकर काफी बज बना हुआ है। अनिल कपूर इस सीरीज में एक आर्म्स डीलर की भूमिका निभा रही हैं।





बॉलीवुड स्टार अनिल कपूर इस सीरीज में शानदार किरदार निभाते नजर आ रहे हैं। सीरीज में अनिल कपूर एक हथियार डीलर की भूमिका को जीवंत करते दिख रहे हैं। अनिल कपूर के साथ आदित्य रॉय कपूर भी इस सीरीज में अहम किरदार निभा रहे हैं। आदित्य रॉय कपूर एक अंतरराष्ट्रीय आर्म सिंडिकेट के बारे में जानकारी खोजने के लिए के लिए सरकार द्वारा लगाए गए एक एजेंट की भूमिका निभा रहे हैं। यह सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 30 जून को रिलीज होगी।

### अनिल कपूर के साथ ये सितारे निभाएंगे मुख्य किरदार

इस वेब सीरीज में अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर अहम भूमिका में नजर आए हैं। इसके साथ ही दूसरे किरदारों में भी बेहतरीन एक्टर्स को कास्ट किया गया है। नाइट मैनेजर पार्ट 2 के डायरेक्टर संदीप मोदी हैं। सीरीज का निर्देशन प्रियंका घोष ने किया है। सीरीज में अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर के साथ नाइट मैनेजर में शोभिता धूलिपाला, तिलोत्तमा शोम, रवि बहल और सास्वता चटर्जी भी प्रमुख भूमिकाएं निभाते नजर आएंगे।

नाइट मैनेजर का पहला पार्ट फरवरी 16 को ओटीटी पर स्ट्रीम किया गया था। इस सीरीज को खूब पसंद किया गया था। अनिल कपूर के किरदार ने काफी तारीफ बटोरी है। अब अनिल कपूर के फैन्स लगातार दूसरे सीजन का इंतजार कर रहे थे। अब फैन्स का इंतजार खत्म हो गया है। अब ये इस सीरीज का दूसरा सीजन 30 जून के डिज्नी प्लस हॉटस्टीर पर रिलीज कर दिया जाएगा।



# रसिका दुगल ने उदयपुर में शुरू की नई वेब सीरीज की शूटिंग

एक्ट्रेस रसिका दुगल ने राजस्थान के झीलों के शहर उदयपुर में एक रोमांचक नई वेब सीरीज की शूटिंग शुरू कर दी है। प्रोजेक्ट डिटेल्स को गुप्त रखा गया है, सूत्रों ने खुलासा किया है कि यह एक प्रमुख प्रोडक्शन हाउस द्वारा उच्च अपेक्षित प्रोडक्शन है। रसिका मुख्य किरदारों में से एक की भूमिका निभाएंगी।

रसिका ने पहला शेड्यूल शुरू करने के लिए जून के पहले सप्ताह में उदयपुर के लिए फ्लाइट से उड़ान भरी थी, जो जुलाई के पहले सप्ताह तक चलेगा। इसके बाद, शूटिंग अगस्त में दूसरे शेड्यूल के लिए मुंबई जाएंगी।

रसिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नए प्रयास के लिए अपना उत्साह साझा किया, जहां उन्होंने एक शानदार पृष्ठभूमि के साथ स्क्रिप्ट पढ़ते हुए एक तस्वीर पोस्ट की। नए प्रोजेक्ट के बारे में इशारा करते हुए उन्होंने उदयपुर डायरीज, शूट लाइफ और उदयपुर समेत हैशटैग का इस्तेमाल किया।

उनकी आगामी रिलीज में अमेजन प्राइम सुपरनैचुरल थ्रिलर अधूरा है, जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखने का वादा करती है। रसिका ने हाल ही में मिजार्पुर के बहुप्रतीक्षित तीसरे सीजन की शूटिंग पूरी की है, जो इस साल रिलीज होने वाली है।रसिका दुगल जल्द ही अपकमिंग प्रोजेक्ट में स्पाइक, च्लॉर्ड कर्जन की हवेली, फेयरी फोकऔर चलिटिल थॉमस में नजर आएंगी।

# रणवीर सिंह डॉन 3 और बैजू बावरा में आएंगे नजर, जल्द शुरू करेंगे शूटिंग

साल 2022 रणवीर सिंह के लिए अच्छा नहीं गया था। उनकी फिल्म सर्कस का लोगों को काफी समय से इंतजार था, लेकिन जब फिल्म पर्दे पर आई तो दर्शक काफी निराश हुए। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। इसके बाद काफी समय से रणवीर की नई फिल्म की घोषणा नहीं हुई है, ऐसे में उनके स्टारडम की चमक भी फीकी हो रही थी। अब आखिरकार रणवीर ने अपने लिए नई फिल्में चुन ली हैं।

रणवीर सिंह इन दिनों फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए चर्चा में हैं। इस फिल्म में वह आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा फिलहाल उनकी किसी फिल्म की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार, रणवीर ने अपनी आने वाली 2 फिल्में साइन कर ली हैं, जिनकी शूटिंग वह 2024 और 2025 तक पूरी होगी। रिपोर्ट की मानें तो रणवीर डॉन 3 और बैजू बावरा का हिस्सा बन गए हैं।

रणवीर ने संजय लीला भंसाली की फिल्म बैजू बावरा के लिए हां कर दी है। फिल्म के लिए रणवीर का नाम लगभग तय माना जा रहा था, लेकिन पैसों को लेकर बात नहीं बन रही थी। रणवीर इससे पहले गोलियों की रासलीलाः रामलीला, बाजीराव मस्तानी और पद्मावत में भंसाली के साथ काम कर चुके हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री के लिए आलिया का नाम पहले ही तय हो चुका है।



कुछ दिन पहले ही खबर आई थी कि डॉन 3 में शाहरुख खान मुख्य भूमिका में नजर नहीं आएंगे। नई जानकारी के अनुसार, इस फिल्म में मुख्य भूमिका के लिए रणवीर का नाम तय हो गया है। जल्द ही निर्माता एक वीडियो के जरिए इसकी घोषणा करेंगे। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि रणवीर ने इस वीडियो की शूटिंग कर ली है। फरहान अख्तर अपनी फिल्म जी ले जरा के बाद डॉन 3 पर काम शुरू करेंगे।

इस बीच रणवीर, रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन की भी शूटिंग करेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, रणवीर इस फिल्म के लिए करीब 30 दिन तक शूटिंग करेंगे। सिंघम अगेन की कहानी में रणवीर का किरदार अहम है। फिल्म में उनकी उपस्थिति महज कैमियो नहीं, बल्कि कहानी की अहम कड़ी होगी। रणवीर, रोहित की कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंबा में नजर आए थे। अब सिंघम अगेन में इस यूनिवर्स के सभी किरदारों का मेल देखने को मिलेगा।

रणवीर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 28 जुलाई को रिलीज होगी। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि रणवीर किशोर कुमार की बायोपिक में नजर आ सकते हैं। पहले इस फिल्म में रणबीर कपूर मुख्य भूमिका निभा रहे थे। आदित्य धर की फिल्म द इम्मेर्टल अश्वत्थामा में भी रणवीर की एंट्री की बात सामने आई थी। हालांकि, इस बारे में कुछ साफ नहीं हुआ। हाल ही में रणवीर ने हॉलीवुड एजेंसी ड्ढ्ढस्ध्र से भी हाथ मिलाया है।

# सीएम बघेल ने स्वीकार की गिरिराज सिंह की चुनौती

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा-गिरिराज बताएं कि किस मंच पर आना है

**रायपुर,08 जून 2023 (ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को लेकर दिए गए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के बयान पर पलटवार किया है। सीएम ने कहा कि जितना धर्मांतरण बीजेपी के 15 सालों में हुआ,इससे पहले ना कभी हुआ और ना अब हो रहा है। सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश के समय से धर्मांतरण पर कानून बना हुआ है और उसको यहां साल 2000 से जैसे का तैसा अडॉप्ट किया गया है।

सीएम ने कहा-प्रदेश में जिस जगह से भी धर्मांतरण की शिकायतें आ रही हैं, उस पर कार्रवाई हो रही है। कुछ फर्जी शिकायतें सामने आई हैं, इनमें कुछ शिकायतें सही भी थी और उस पर कार्रवाई की गई है और जहां तक बात गिरिराज सिंह की है तो वे इससे पहले एक आध बार ही छत्तीसगढ़ आए होंगे। मगर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल के15 सालों में जितने चर्च बने हैं, उससे ना पहले बने हैं ना उसके बाद में।

सीएम ने चुनौती देते हुए कहा कि बीजेपी उनके इस दावे का खंडन न करे। चर्च तभी बनेगा या पूजा स्थल तभी बनेगा, जब वहां के मानने वाले लोग रहेंगे, तब इसका मतलब यह है कि जितना धर्मांतरण 15 सालों में हुआ है, उसके पहले कभी नहीं हुआ। एमएसपी के मुद्दे पर बात करने के लिए केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सीधे कांग्रेस को चुनौती दी है, जिसे स्वीकार करते हुए सीएम ने कहा कि उनकी चुनौती स्वीकार है, वे बता दें किस मंच पर आना है। यूपीए सरकार में कितना धान का भाव बढ़ा और एनडीए सरकार में कितना भाव बढ़ा, 10 साल उनके भी हो रहे हैं और 10 साल हमारे भी थे। उसमें कितना प्रतिशत एमएसपी बढ़ा और अभी कितना प्रतिशत बढ़ा है, हम बहस करने के लिए तैयार हैं।

सीएम ने कहा कि उस समय डीजल पेट्रोल के भाव क्या थे और अभी क्या हैं, वे जिस मंच में आना चाहें, कोई भी कार्यकर्ता बैठकर उनसे बहस कर लेगा, कोई भी किसान बात कर लेगा, जो स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट है, उतनी एमएसपी बढ़नी चाहिए। जब 1800 रू. एमएसपी थी, तब हमने 2500 रुपए में खरीदने का फैसला किया था तो यह स्पष्ट होता है कि स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट से हम थोड़ा बढ़ा कर ही दिए थे किसानों को और अब राजीव गांधी किसान न्या योजना लागू कर दी है, तो जितना समर्थन मूल्य बढ़ेगा उतनी राशि भी हमारे किसानों के लिए बढ़ जाएगी। 3 सालों से यही चल रहा है।



### सैलजा की तरफ से मंत्रियों की रिपोर्ट कार्ड मांगने को लेकर कहा

सीएम ने इस मुद्दे पर कहा कि मंत्रियों के साथ मीटिंग हो गई है। विधायकों के साथ मीटिंग हो रही है, मुझसे भी कई बार कुमारी सैलजा की मीटिंग हुई है। वे प्रभारी हैं उनका काम ही है कि सब के कार्यों की समीक्षा करते रहना तो उनकी समीक्षा नहीं करेंगे तो निर्णय कैसे लेंगे, इसलिए जरूरी है सभी के कार्यों की समीक्षा करें।

### थर्ड फ्रंट की चुनौती को लेकर कहा

जब अजीत जोगी जी कांग्रेस के भीतर थे तब हम सत्ता से बाहर थे, जैसे ही जोगी कांग्रेस से बाहर हुए, हम सत्ता में आ गए। नतीजों में कांग्रेस को 68 सीट मिली, जबकि भारतीय जनता पार्टी में 3 बार के शासन में रहे चांउर वाले बाबा कभी 60 का आंकडा छू नहीं पाए। हम तो 68 सीट जीते और जब उप चुनाव हुए तो उसमें 71 हो गए और अभी किसानों, आदिवासियों, महिलाओं और युवाओं का समर्थन और आशीर्वाद हमको मिल रहा है। किसान मजदूर सब का आशीर्वाद मिलेगा। ये आंकड़ा 71 से और आगे बढ़ेगा।

### बीजेपी की पुरखा सम्मान यात्रा को लेकर कहा

सीएम ने कहा कि अब चुनाव है तब उनको याद कर रहे हैं, उसके अलावा उनके पास और क्या है। किसानों के सम्मान को लेकर नहीं जा सकते, मजदूरों को कभी कुछ दिए नहीं, लघु वनोपज संग्राहकों को भी कभी कुछ नहीं दिए। जूते चप्पल भले ही बांटे रहे थे, लेकिन एक पैर में 6 नंबर और दूसरे में 7 नंबर मिल रहा था । इनको तो पुरखौती सम्मान नहीं, बल्कि रमन सिंह ने जो मोबाइल बांटे हैं अगर वो जिनके पास बचा हो, उनकी सम्मान यात्रा निकालना चाहिए।

### मोदी मित्र अभियान को लेकर कसा तंज

मध्यप्रदेश में शिवराज सरकार 5000 मोदी मित्र बना रही है, जिसमें सभी मुस्लिम सभी गांव के लोग रहेंगे। छत्तीसगढ़ में इस तरह का भी अभियान चलाया जाएगा। जिसे लेकर सीएम ने तंज कसा है। सीएम ने कहा कि चुनाव जब पास आए, तब मित्र बनाएंगे और चुनाव के पहले तक के संप्रदायिकता के नाम से उनको गरियाएंगे, जिहादी बनाएंगे तो यह सब समझ रहे हैं, 10 साल बहुत होता है लोगों को समझने में तो भी सब समझ गए हैं कि भारतीय जनता पार्टी क्या है। इनका अनुषांगिक संगठन क्या है। इनके नेता क्या हैं, मुंह में राम बगल में छुरी।

### वर्तमान विधायकों की टिकट काटने को लेकर कहा

जीतने वाले कैंडिडेट का क्राइटेरिया होता है, जो जीत सकता है, उनको टिकट दिया जाता है, लेकिन हमारे जो अधिकांश विधायक जिनकी बहुत अच्छी रिपोर्ट है। कुछ लोग हो सकते हैं जो साथी किसी कारण से, स्वास्थ्य कारणों से या और अन्य किसी कारणों से किसी की नाराजगी होगी तो उसको तीन चार महीने बाकी हैं, जिसमें उनकी स्थिति सुधरती है तो क्यों टिकट कटेगी।

# पटवारियों की हड़ताल पर राज्य सरकार ने लगाया एस्मा




**» राजस्व कामकाज ठप्प होने से लोग हो रहे थे प्रभावित**

**रायपुर,08 जून 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में पटवारियों की हड़ताल पर मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद अब एक्शन शुरू हो गया है। राज्य सरकार ने पटवारियों की हड़ताल पर एस्मा लागू कर दिया है। इस संदर्भ में गृह विभाग ने आदेश जार कर दिया है। आपको बता दें कि 15 मई से पटवारियों की हड़ताल चल रही है। हड़ताल की वजह से राजस्व का काम बुरी तरह से प्रभावित तो हो ही रहा है, भर्तियों के संदर्भ में बनने वाले प्रमाण पत्र भी उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। पटवारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाने के कारण ÷शिक्षा सत्र चालू होने से एवं रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रियाधीन होने से विद्यार्थियों को जाति, निवास आय प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। ऐसे में राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारण अधिनियम, 1979 एक 10 1979) धारा 4 की उप-धारा (1) एवं (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद्द्वारा अनुसूची के खंड (सात) विभागाध्यक्षा तथा उनके अधीनस्थ कार्यालयों की सेवाओं मे विनिर्दिष्ट विभाग के पटवारियों द्वारा कार्य करने से इंकार किये जाने का प्रतिषेध करती है। जो आदेश जारी होने के दिनांक आगामी 03 माह के लिए प्रभावी होगा।

आपको बता दें कि कल ही मुख्यमंत्री ने हड़ताल पर नाराजगी जतायी थी। उसी वक्त ये साफ हो गया था कि आज से कार्रवाई शुरू हो सकती है।

### पटवारियों की हड़ताल पर एस्मा लगाना सरकार का तानाशाही रवैया-कर्मचारी अधिकारी महासंघ

राजस्व पटवारी संघ की हड़ताल के विरोध में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लगाए गए एस्मा का छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने विरोध करते हुए इसे शासन का तानाशाही रवैया कहा है।

कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला, प्रांतीय महासचिव ओपी शर्मा एवं प्रांतीय प्रवक्ता संजय तिवारी ने संयुक्त वक्तव्य में कहा है कि राजस्व पटवारी संघ 15 मई से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है, हड़ताल की सूचना शासन को पूर्व में दे दी गई थी, किंतु मंत्रालय में बैठे अधिकारी हड़ताल अवधि के दौरान संघ के प्रतिनिधियों से चर्चा करना भी मुनासिब नहीं समझा।

वहीं बगैर चर्चा के हड़ताल को खत्म करने के लिए एस्मा लगाकर कर्मचारी संगठनों को चुनौती दी जा रही है कि हड़ताल करके देखो किंतु सरकार मुगालते में है की छत्तीसगढ़ के कर्मचारी अपनी जायज मांगों के लिए एस्मा कानून से डरकर हड़ताल नही करेंगे। प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला ने सभी संगठनों से आह्वान किया है की आपात बैठक बुलाकर एक संयुक्त रणनीत बनाना चाहिए।



# दसवीं,बारहवीं टॉपर्स स्टूडेंट को मिला हेलीकॉप्टर से सैर का आमंत्रण

**» मुख्यमंत्री के इस कार्य से प्रतिभा' को लगेंगे 'पंख',**

**» स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 10वीं और 12वीं के टॉपर्स करेंगे हेलीकॉप्टर की सैर**

**रायपुर,08 जून 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वर्ष 2023 की दसवीं और बारहवीं की वार्षिक बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में जगह बनाने वाले विद्यार्थी 10 जून को हेलीकॉप्टर से जाय राइड करेंगे। बच्चों द्वारा की गई साल भर की कड़ी मेहनत के लिए उन्हें आसमान की सैर कराई जाएगी, साथ ही मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा इन विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि आसमान छूने की ख्वाहिश रखने वाले बच्चों के जाय राइड का हवाई रास्ता उस समय खुल गया, जब मुख्यमंत्री प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के रघुनाथ नगर में भेंट मुलाकात कार्यक्रम में पहुंचे। यहां स्वामी आत्मानंद स्कूल की एक छात्रा स्मृति ने मुख्यमंत्री से हेलीकाप्टर में बैठने की इच्छा प्रकट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तुम बारहवीं में टाप करोगी तब तुम्हें हेलीकाप्टर में बिठाएंगे। स्मृति ने उसी दिन बैठने की इच्छा मुख्यमंत्री से जाहिर की और इस बच्ची की खुशी के लिए मुख्यमंत्री ने तुरंत ही उसे जाय राइड कराने निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने दसवीं और बारहवीं में प्रावीण्य सूची में आए विद्यार्थियों को हेलीकाप्टर में सैर कराने की घोषणा भी की।

### पिछले साल 125 छात्र-छात्राओं को जाय राइड कराई गई

पिछले साल 125 छात्र-छात्राओं को जाय राइड कराई गई थी। उस समय हेलीकाप्टर से राइड करने वाले बच्चों का उत्साह अद्भुत था। नारायणपुर के अबूझमाड़ में रहने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति के छात्र देवानंद कुमेटी की बात करें। देवानंद ने पिछले साल जाय राइड की थी तब उसने बताया था कि मैं जहां रहता हूँ वहां इतना घना जंगल है कि यहां पर सूरज की किरणें भी नहीं पहुंचती। ऐसे में बहुत ऊंचाई से पेड़ों को देखना अद्भुत अनुभव था।

# 6 जुलाई से शुरू होगी 10 वीं-12 वीं पूरक परीक्षा



**माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किया समय सारणी**

**रायपुर,08 जून 2023 (ए)।** 10वीं-12वीं के पूरक परीक्षा की समय सारणी छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी कर दी है. इस संबंध में माशिम ने आदेश भी जारी किया है. जिसमें नियमित, स्वाध्यायी, द्वितीय और चतुर्थ अवसर परीक्षा के लिए समय सारणी जारी किया गया है. बता दें 10वीं-12वीं के पूरक परीक्षा 6 जुलाई से शुरू होगी जो 20 जुलाई तक होगी. जारी आदेश के अनुसार, हाई स्कूल के लिए 6 से 14 जुलाई तक परीक्षा होगी. इसके लिए विधार्थियों के लिए सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक समय निर्धारित किया गया है. इसके साथ ही हायर सेकेंडरी के लिए पूरक परीक्षा 6 से 20 जुलाई तक आयोजित होगी. इसके लिए विधार्थियों के लिए सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक समय निर्धारित किया गया है.

माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव व्हीके गोयल ने बताया कि दसवीं और बारहवीं बोर्ड में लगभग 1,35,000 विद्यार्थी फेल हुए थे. जो विद्यार्थी दो विषय में फेल हुए हैं वो पूरक परीक्षा दे सकते हैं और जो दो विषय से अधिक विषय में फेल हुए हैं वह अवसर परीक्षा देंगे।

# पीएससी मेंस के लिए प्रवेश पत्र जारी

**रायपुर,08 जून 2023 (ए)।** डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी सहित अन्य पदों के लिए 15 से 18 जून को होने वाली मेंस परीक्षा के लिए पीएससी ने प्रवेश पत्र जारी कर दिया है।




ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा मेंस के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा 15 से 18 जून तक आयोजित होगी। पीएससी ने इसके लिए कुल 3095 अभ्यर्थियों का चयन मुख्य परीक्षा के लिए किया है। कुल 220 पदों की पूर्ति के लिए आयोजित होने वाली इस परीक्षा में डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी समेत अन्य पदों पर भर्ती की जाएगी। पीएससी ने कुल 3095 अभ्यर्थियों के लिए रायपुर, दुर्ग, भिलाई, जगदलपुर, अंबिकापुर तथा बिलासपुर में परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया है।

# आईटी की रेड में 50 लाख का सोना,20 लाख नगद के साथ मिले 13 लॉकर्स

**रायपुर,08 जून 2023 (ए)।** स्टील कारोबारी के घर आयकर की टीम द्वारा गुरूवार को दी गई दबिश में लाखों की ज्वेलरी और लाखों रूपए कैश मिलने की जानकारी सामने आ रही है। बहरहाल आयकर विभाग की टीम ने ज्वेलरी और नगदी के अलावा बैंकों में मिले लॉकर्स को सीज कर दिया है।

ज्ञात हो कि आईटी की टीम ने कल रायपुर और रायगढ़ के स्टील कारोबारी संजय सिंघल और अजय सिंघल के आवास एवं कार्यालयों में एक साथ दबिश दी थी। इसके अलावा सिंघल इंटरप्राइजेस के अन्य प्रतिष्ठानों में भी एक साथ छापामार कार्रवाई शुरू की गई थी। जांच में पता चला है कि सिंघल इंटरप्राइजेस के अधीन पूंजीपतरा स्थित सिंघल प्लांट, सालासर प्लांट, श्याम इस्पात और सिंघल एनर्जी शामिल हैं। इसके अलावा समूह का फाइनेंस का भी कारोबार है। सभी टीमों ने कल एक साथ कार्रवाई शुरू की थी। बताया जाता है कि अब तक के जांच में टीम को रायपुर, रायगढ़ के बैंकों में 13 लॉकर्स मिले हैं जिन्हें सीज किया गया है। साथ ही इनके घरों से 50 लाख का सोना और 20 लाख रूपए नगद मिला है।

# अवैध प्लाटिंग को लेकर बीजेपी एमएलए ने कलेक्टर को लिखा पत्र

### 7 दिनों के भीतर 50 सालों के रिकार्ड के साथ अवगत कराने की बात कलेक्टर को लिखी

**रायपुर,08 जून 2023 (ए)।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर में सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध प्लाटिंग को लेकर कलेक्टर को पत्र लिखा है। उन्होंने शासकीय जमीन में प्लाटिंग के संपूर्ण मामले पर उच्च स्तरीय समिति बनाकर जांच कर कठोर कार्रवाई करने की बात के साथ ही उन्होंने 7 दिनों के भीतर 50 सालों के रिकार्ड के साथ अवगत कराने की बात कलेक्टर को लिखी है।



अपने पत्र में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि संतोषी नगर, मठपुरैना, भैरव नगर, गोकुल नगर, बृज नगर एवं जोगी नगर सहित उल्लेखित वार्ड में बड़े पैमाने पर गिट्टी का खदान लीज पर दिया गया था। वर्षों पहले शहरीकरण के चलते धीरे धीरे कर उक्त खदानों को एक-एक कर बंद किया गया। यह खदाने सैकड़ों एकड़ शासकीय जमीन पर थी। चूंकि शासन द्वारा लीज पर दिये गए खदानों से गिट्टी की निकासी हो चुकी थी और वहां पर बड़े बड़े गडढे जलाशय / जलस्त्रोत के रूप में उपलब्ध थे। जिसमें करोड़ों गैलन जल संरक्षित था एवं पूरे क्षेत्र के जलस्तर को संतुलित कर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था में सहायक था।पिछले चार वर्षों से राजनीतिक नेताओं व कुछ भूमाफिया द्वारा राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर इन शासकीय जमीनों पर स्थित गिट्टी खदानों को पाटकर प्लाटिंग कर विक्रय किया जा रहा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि वार्ड के निवासियों एवं मेरे स्वयं के द्वारा भी शासकीय जमीनों के विक्रय के कई बार गंभीर शिकायतों के बाद भी जिला प्रशासन के द्वारा इस दिशा में कार्यवाही नहीं किये जाने से पूरे क्षेत्र के आम जनता में गहरा आक्रोश है।

गिट्टी खदानों को पाटकर प्लाटिंग व शासकीय जमीन में प्लाटिंग के संपूर्ण मामले पर उच्च स्तरीय समिति बनाकर तत्काल कठोर कार्यवाही करें व गिट्टी खदान की जमीनों के क्रय विक्रय पर रोक लगाकर, अवगत कराये।

# पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में बच निकला नक्सली कमांडर हिड़मा

**3 माओवादी ढेर, कई घायल**

**बीजापुर/सुकमा,08 जून 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सलगढ़ बस्तर में फिर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इसमें तीन माओवादी मारे गए हैं, जबकि कई नक्सलियों को गोली लगी है। इस मुठभेड़ में नक्सली कमांडर हिड़मा बच निकला है। वहीं मृतक नक्सलियों के शवों और घायलों को नक्सली अपने साथ लेकर चले गए हैं। पुलिस ने दावा किया है कि फोर्स ने नक्सलियों के बटालियन नंबर-1 को भारी नुकसान पहुंचाया है। इसकी पुष्टि बस्तर के आईजी सुंदरराज पी ने की है। मामला तर्रेम थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, जनपितुरी सप्ताह के दौरान सुकमा और बीजापुर जिले की सीमा पर तर्रेम थाना क्षेत्र के छुटवाई के जंगलों में नक्सली कमांडर हिड़मा और उसकी पूरी बटालियन मौजूद थी। इसकी पुख्ता सूचना पुलिस को मिली थी। इस पर बीजापुर से कोबरा और एसटीएफ के जवानों को मौके पर सर्चिंग के लिए भेजा गया। सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच नक्सलियों के साथ जवानों की मुठभेड़ हुई। करीब डेढ़ से दो घंटे तक गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग निकले। वहीं जब मुठभेड़ रुकी तो जवानों ने इलाके की सर्चिंग की। इसमें कई जगह खून के धब्बे मिले। फिर बुधवार देर शाम जवान लौट आए। बस्तर के आईजी सुंदरराज पी ने दावा किया है कि, मुठभेड़ में पुलिस को कामयाबी मिली है। करीब 2 से 3 नक्सलियों को ढेर किया गया है। कई नक्सलियों को गोली भी लगी है।



फोर्स ने हिड़मा की बटालियन नंबर-1 को नुकसान पहुंचाया है। वहीं इस मुठभेड़ में खूंखार नक्सली कमांडर हिड़मा बच निकला है।

### माओवादी जून महीने में मनाते हैं जनपितुरी सप्ताह

बताया जा रहा है कि, बस्तर में हर साल माओवादी जून के महीने में जनपितुरी सप्ताह मनाते हैं। इस दौरान वे मारे गए माओवादियों को श्रद्धांजलि देते हैं। बस्तर के अंदरूनी गांवों में सभा का आयोजन कर लोगों को माओवाद संगठन के बारे में बताते हैं।

### कौन है नक्सली कमांडर हिड़मा

बस्तर के पूवर्ती गांव का रहने वाला माड़वी हिड़मा गांव के ही प्राथमिक स्कूल में पढ़ाई करता था। उस वक्त इलाके में सक्रिय एक नक्सली ने हिड़मा की एक्टिविटी देख कर उसे नक्सलियों के बाल संघम में भर्ती किया था। हिड़मा की आगे की पढ़ाई नक्सली स्कूल में ही हुई थी। हिड़मा के फुर्तीले शरीर को देखते हुए नक्सलियों ने इसे अपने एलओसी ग्रुप में शामिल किया था। हिड़मा की बनाई योजना में माओवादियों को कई सफलताएं भी मिली।

# छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया हुई तेज

### निर्वाचन आयोग के सदस्यों ने अधिकारियों से की महत्वपूर्ण चर्चा

**रायपुर,08 जून 2023 (ए)।** राजधानी के सर्किट हाउस में निर्वाचन आयोग की बैठक हुई। इस बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के सदस्य भी शामिल हुए। बैठक में चुनाव के दौरान सुरक्षा, संवेदनशील बूथ, सुरक्षा बलों की उपलब्धता, मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण पर चर्चा की गई।

निर्वाचन आयोग की इस बैठक में बीएलओ से घर-घर सूची का सत्यापन, कंट्रोल टेबल अपडेट करने, मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण या पुनर्व्यवस्था, मतदाता सूची या ईपिक




की विसंगतियों को दूर करने, वोटर लिस्ट में खराब फोटो के स्थान पर अच्छी फोटो लगाने, अनुभाग मतदान केंद्रों का पुनर्गठन एवं सीमा की पुनर्संरचना, एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन एवं 2 अगस्त को दावे आपत्ति का निराकरण किए जाने को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में करीब चार से पांच महीने शेष हैं। इधर, साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में सुगबुगाहट तेज हो गई है। इस साल के अंत तक होने जा रहे चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग की तैयारियां लगभग अंतिम चरणों में है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होने से पहले इन सूचियों को दुरुस्त किया जा रहा है। इसके लिए नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, काटने, त्रुटि सुधार का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। जल्द ही अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)